इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 24 | राजनांदगांव, मंगलवार 09 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







वंदे मातरम विवाद पर पीएम मोदी का विपक्ष पर तीखा हमला कहा-

## जिन्ना की वजह से नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा, इसीलिए वंदे मातरम के साथ हुआ अन्याय

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जब लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की शुरुआत की, तो उन्होंने विपक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर मोहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग के विरोध का जिक्र और तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 1905 में जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्र गान के रूप में दिखता था, फिर भी पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? अन्याय क्यों हुआ? वो कौन-सी ताकत थी, जिसकी इच्छा खुद पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? जिसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीटा गया।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने 2 दिसंबर 1905 में लिखा था, जिस गीत वंदे मातरम को बंकिमचंद्र ने रचा है, वह पूरे बंगाल में लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आंदोलन में बंगाल में विशाल सभाएं हुईं। लाखों लोगों ने इकट्ठे होकर वंदे मातरम गीत गाया। यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया है, जैसा यह हमारा राष्ट्र गान बन गया हो। इसकी भावनाएं महान हैं और यह अन्य राष्ट्रों के गीतों से अधिक मधुर है। इसका एकमात्र उद्देश्य हम में देशभक्ति की भावना जगाना है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति देखता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 1905 में जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्र गान के रूप में दिखता था, पिछली सदी में उसके इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ? अन्याय क्यों हुआ? वो कौन-सी ताकत थी, जिसकी इच्छा खुद पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? किसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीटा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में बोलते हुए वंदे मातरम् पर हो रही चर्चा को गौरव का पल बताया। उन्होंने कहा, हमने इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक सामूहिक चर्चा का रास्ता सुना है। जिस मंत्र और जयघोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी और त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था। उस वंदे मातरम् को स्मरण करना हम लोगों का सौभाग्य है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इस पल के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, एक ऐसा कालखंड जो हमारे सामने इतिहास की अनगिनत घटनाओं को अपने सामने लेकर आता है। यह चर्चा सदन की प्रतिबद्धता को तो प्रकट करेगी ही, लेकिन आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह शिक्षा का कारण बन सकती है अगर हम इसका सदुपयोग करेंगे। आज हम वंदे मातरम की 150 वर्ष की सामूहिक ऊर्जा को अनुभूति कर रहे हैं। पीएम मोदी ने वंदे मातरम् के 150 वर्षों की यात्रा को याद करते हुए कहा, यह यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है, लेकिन वंदे मातरम् 50 वर्ष पूरे हुए तो देश गुलामी में जीने के लिए मजबूत था। जब 100 साल पूरे हुए तो देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। भारत के संविधान का गला घोंट दिया गया था। देशभक्ति के लिए जीने-मरने वाले लोगों को जेल में बंद कर दिया गया था।

दुर्भाग्य से एक काला कालखंड हमारे इतिहास में उजागर हो गया। उन्होंने कहा, 150 वर्ष उस महान अध्याय और गौरव को दोबारा स्थापित करने का अवसर है। मैं मानता हूं कि सदन और देश को इस अवसर को जाने नहीं देना चाहिए। यही वंदे मातरम है, जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई।

## जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे; संसद में बोलीं प्रियंका गांधी



नई दिल्ली। केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्तूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया।

### वंदे मातरम पर बहस की जरूरत क्यों?

संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आज़ाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वंदे मातरम् का पूरा गीत कभी नहीं लिया गया, कुछ लाईनों को लिया गया-ममता



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी ने लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा शुरू करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का स्वागत किया है। सोमवार को टीएमसी प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी को इसपर कोई आपत्ति नहीं है। बता दें कि पीएम मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर पूरे दिन के चर्चा की शुरुआत की है। पीएम मोदी ने चर्चा आरंभ करते हुए कहा कि आजादी के दौरान यह राष्ट्रगीत चट्टान की तरह खड़ा रहा और अंग्रेजों के उत्पीड़न के बावजूद एकता की प्रेरणा दी।

### वो यह करें, हमें कोई दिक्कत नहीं है

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ममता बनर्जी ने मीडिया के लोगों से पीएम मोदी के वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरुआत करने को लेकर कहा, वो यह करें। हमें कोई दिक्कत नहीं है। ममता उत्तर बंगाल की सरकारी यात्रा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वंदे मातरम् सिर्फ गाने के लिए नहीं, निभाने के लिए होना चाहिए-अखिलेश



नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में कई मुद्दों पर चर्चा हो रही है। प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में वंदे मातरम् पर विशेष चर्चा की शुरुआत की। पीएम ने कहा कि आज हम इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं, जब सदन में इसकी चर्चा हो रही है।

लोकसभा में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर बहस के दौरान पीएम मोदी के बोलने के बाद लोकसभा में कांग्रेस नेता गौरव गोगोई बोले। इसके बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने वंदेमातरम् पर चर्चा का जवाब दिया। अखिलेश यादव ने वंदे मातरम ने देश को एक किया और आज़ादी की लड़ाई में जान डाली। सत्ता पक्ष हर चीज पर कब्जा करना चाहता है। सत्ता पक्ष हमेशा सब कुछ अपना बनाना चाहता है। ये लोग हर बात का श्रेय लेने चाहते हैं, जो महापुरुष इनके नहीं हैं, ये लोग उनपर भी कब्जा करने की कोशिश करते हैं। इनकी बातों से ऐसा लगता है कि वंदे मातरम् भी इन्हीं का बनवाया हुआ गीत है। समाजवादी पार्टी के MP अखिलेश यादव ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि इसका पालन (शेष पृष्ठ 6

## वंदे मातरम स्वयं में पूर्ण, अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई-लोकसभा में बोले राजनाथ



नई दिल्ली। शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा की गई। सदन में चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वंदे मातरम के साथ इतिहास का एक बड़ा छल हुआ। इस अन्याय के बावजूद वंदे मातरम का महत्व कभी कम नहीं हो पाया।

### वंदे मातरम सिर्फ एक शब्द नहीं था, यह एक भावना थी

वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज जब हम वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो पीएम मोदी ने इसके बारे में बात की है और इस चर्चा की एक खूबसूरत शुरुआत की है। वंदे मातरम भारत के वर्तमान, अतीत और भविष्य का हिस्सा है। इसने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को ब्रिटिश शासकों के खिलाफ खड़े होने और लड़ने की ताकत दी। यह एक ऐसा गीत है जिसने हमारे देश को जगाया और प्रेरणा का स्रोत बना। यह गीत ब्रिटिश संसद तक भी पहुंचा। राजनाथ सिंह ने कहा, 1906 में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायगढ़ में जेपीएल कोल-खदान का विरोध... सड़क पर उतरे 14 गांव, ग्रामीण बोले-नहीं देंगे अपनी जमीन, सरगुजा में बवाल-पथराव, कोरबा में सीआईएसएफ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



रायगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में कोल माइंस को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा। रायगढ़, कोरबा और सरगुजा तीनों जिलों में ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए। रायगढ़ के तमनार ब्लॉक में जिंदल पावर लिमिटेड की प्रस्तावित कोल माइंस का विरोध करते हुए 14 गांवों के ग्रामीण सड़क पर उतर आए और साफ कहा—हम अपनी जमीन किसी भी हालत में नहीं देंगे।

### रायगढ़ में लामबंदी, विधायक भी पहुंचीं

सूचना के अनुसार ग्रामीणों के समर्थन में लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों के साथ खड़े होकर प्रस्तावित जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने जनसुनवाई स्थल पर टेंट न लगने देने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे स्थिति नियंत्रण में बनी रही।

### कोरबा में सीआईएसएफ का लाठीचार्ज

इधर कोरबा के गेवरा खदान क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। स्थिति बिगड़ने पर सीआईएसएफ ने भीड़ को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। रायगढ़ के छाल इलाके में करीब 300 ग्रामीणों ने जनसुनवाई को तत्काल रद्द करने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिगो संकट पर सरकार सख्त: उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू बोले -ऐसी कार्रवाई होगी, जो हर एयरलाइन याद रखेगी



नई दिल्ली। देशभर के एयरपोर्ट्स पर इंडिगो के क्रू संकट के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द होने और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करने के बाद सरकार ने कड़ा रुख अपना लिया है। संसद में आज केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने इंडिगो को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि एयरलाइन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि यह देश की हर एयरलाइन के लिए एक उदाहरण बने। राज्यसभा में मंत्री ने कहा कि उड़ानों में व्यापक रद्दीकरण और यात्रियों के फंसने की स्थिति इंडिगो की आंतरिक संकट के कारण बनी, जो नए पैसेंजर सेफ्टी नॉर्म्स लागू होने के बाद सामने आई। उन्होंने कहा, हम पायलटों, क्रू और यात्रियों- सभी का ध्यान रखते हैं। सभी एयरलाइंस को पहले ही नियम स्पष्ट कर दिए गए थे। इंडिगो को अपने क्रू और रोस्टर का प्रबंधन करना चाहिए था। यात्रियों ने भारी कठिनाइयाँ झेली हैं। सरकार स्थिति को हल्के में नहीं ले रही। सख्त कार्रवाई होगी, जो हर एयरलाइन के लिए मिसाल बनेगी। नियमों के किसी भी उल्लंघन पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### क्यों फंसे यात्री और रद्द हुई उड़ानें?

दो साल पहले लागू किए गए नए फ्लाइट सेफ्टी नियमों में पायलट की थकान दूर करने के लिए अतिरिक्त डाउनटाइम की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए एयरलाइंस को अधिक संख्या में पायलट नियुक्त करने की आवश्यकता थी। इंडिगो, जो रोजाना 2,200 उड़ानें संचालित करती है, नए नियम लागू होते ही क्रू की कमी से जूझने लगी। परिणामस्वरूप देशभर में सैकड़ों फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी, जिससे यात्रियों की शादियाँ, छुट्टियाँ और जरूरी काम तक प्रभावित हुए। स्थिति बिगड़ने पर DGCA ने अस्थायी रूप से नए निर्देशों में ढील दी। इंडिगो संकट के बाद विपक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जमीन दरों में सरकार का बड़ा फैसला, छूट के नए प्रावधान तत्काल लागू, वापस लिए कई आदेश



रायपुर। प्रदेश में जमीन गाइडलाइन दरों में हुई बढ़ोतरी पर साय सरकार ने यू टर्न लिया है। गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संबंध में प्राप्त सुझावों, ज्ञापनों और प्रस्तावों पर व्यापक परीक्षण के बाद केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के नगरीय विकास, रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की इंक्रीमेंटल आधार पर गणना की वर्तमान प्रणाली को समाप्त कर दिया जाए। अब पुनः पूर्व प्रचलित उपबंध लागू होंगे, जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन किया जाएगा। इस बदलाव से मूल्यांकन प्रक्रिया सरल होने के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

### बाजार मूल्य की गणना का प्रावधान भी हटा

बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान एवं कार्यालय के अंतरण पर सुपर बिल्ट-अप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य की गणना का प्रावधान भी हटा दिया गया है। अब मूल्यांकन बिल्ट-अप (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई, हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



बिलासपुर। शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी की तरफ से चल रही बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच में हुई। ट्रायल में देरी होने और शराब घोटाला में चैतन्य बघेल की कोई भूमिका नहीं होने के आधार पर जमानत दिए जाने की मांग की गई। कोर्ट में कहा गया कि 4 अक्टूबर के एक बयान पर मामला दर्ज किया गया। 2 करोड़ खाते में ट्रांजेक्शन बताया गया, लेकिन इसमें कही यह नहीं है कि ट्रांजेक्शन लिकर स्कैम से आया है। बहस के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता व प्रतिवादी को रिटर्न समिसन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अंत में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा। ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई निवास से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गिरफ्तार किया था। शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई। ईडी की जांच में पता चला है कि चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के 16.70 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल अपनी रियल एस्टेट फर्मों में किया है। इस पैसे का उपयोग उनके प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था। उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ भी मिलीभगत की और अपनी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नवजोत कौर सिद्धू कांग्रेस पार्टी से निलंबित, 500 करोड़ वाले बयान पर हुई कार्रवाई



चंडीगढ़। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सस्पेंड कर दिया गया है। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़ंगी ने यह कार्रवाई की है। डॉ. सिद्धू द्वारा दिए गए विवादास्पद बयानों के बाद यह एक्शन लिया गया है।

### क्या था नवजोत कौर सिद्धू का बयान?

कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने शनिवार को कथित तौर पर कहा था कि जो 500 करोड़ रुपये का सूटकेस देता है, वही मुख्यमंत्री बन जाता है। नवजोत कौर ने शनिवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा था कि अगर कांग्रेस उन्हें पंजाब में पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करती है, तो उनके पति सक्रिय राजनीति में लौट आएंगे। पंजाब में 2027 में चुनाव होने हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि उनके पास किसी भी पार्टी को देने के लिए पैसा नहीं है, लेकिन वे पंजाब को एक स्वर्णिम राज्य बना सकते हैं। राज्य में कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में बड़ा फेरबदल, राज्य प्रशासनिक सेवा के 38 अधिकारियों का तबादला



रायपुर। छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के बड़े स्तर पर तबादले हुए है। 38 अधिकारियों की लिस्ट में सचिवालय सेवा के अधिकारियों के भी नाम है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने विभाग से रिलीव किया जाना है और नए पदस्थापना की जगह आमद देनी है।

### इन राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले

छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी लिस्ट में सबसे पहला नाम संयुक्त सचिव राजीव अहिरे का है। इनके अलावा राज्य प्रशासनिक सेवा के सूर्यकिरण तिवारी, उप सचिव, दुर्गेश कुमार वर्मा, उप सचिव, लवीना पाण्डेय (रा.प्र.से.), उपसचिव, अरुण कुमार मरकाम (रा.प्र.से.), उपसचिव, भागवत प्रसाद जायसवाल (रा.प्र.से.). उपसचिव, रामप्रसाद चौहान (रा.प्र से) उप सचिव, श्रीकांत वर्मा (रा.प्र से) उपसचिव, अंकिता गर्ग (राप्रसे) उप सचिव, अंशिका ऋषि पांडेय (रा.प्र से) उप सचिव, विभोर अग्रवाल (रा.प्र.से.) उपसचिव, डॉ. ऋतु वर्मा (रा.प्र.से.) उप सचिव, सूरज कुमार साहू (रा.प्र.से.) उप सचिव, अन्वेष धृतलहरे (रा.प्र.से.) उप सचिव, वैभव क्षेत्रज्ञ (रा.प्र.से.) अवर सचिव, पूनम सोनी (रा.प्र.से.) ओएसडी, रुचि शर्मा (रा.प्र.से.) अवर सचिव, गौतम सिंह (रा.प्र.से.) अवर सचिव, घनश्याम सिंह तंवर (टा.प्र.से.). अवर सचिव और दीपशिखा भगत (रा.प्र.से.). अवर सचिव का नाम है। के. के. भूआर्य, उप सचिव, कुसुम एक्का, उपसचिव, शिवकुमार सिंह, उप सचिव, विजया खेस्स, उप सचिव, रविन्द्र मेढ़ेकर, उप सचिव, क्लेमेन्टीना लकड़ा उप सचिव, अंजू सिंह अवर सचिव, मनराखन भूआर्य, अवर सचिव, हेमंत कुमार पाण्डेय, अवर सचिव, गोरेलाल भूआर्य, अवर सचिव, कैलाश कुमार नेताम, अवर सचिव, अरविंद खोब्रागढ़े, अवर सचिव, विमल कुमार शांडिल्य, अवर सचिव कीर्तिवर्धन उपाध्याय अवर सचिव कृष्ण लाल कश्यप अवर सचिव, कश्यप कृष्ण गौतम, अवर सचिव, शोभरण सिंह चौरागढे अवर सचिव, अरुण हिंगवे अवर सचिव के नाम हैं।

# गौ तस्करी और अवैध वसूली पर कांग्रेसियों ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतरराज्यीय चेक पोस्ट से गौ तस्करी और अवैध वसूली के लगातार सामने आ रहे मामलों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा को पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कसार, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, और युवा नेता विशु अजमानी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### गौ तस्करी पर गंभीर आरोप

श्री अभिमन्यु उदय मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश के मवेशी तस्कर ठंड और रात के सुनसान रास्तों का फायदा उठाकर बिना वैध दस्तावेज के गोवंश को धड़ल्ले से तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिकअप ट्रकों में ठूंस-ठूंस कर मवेशियों को कोदवागोड़ान होते हुए पोलमी के रास्ते मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। श्री मिश्रा ने इस बात पर गंभीर सवाल उठाया कि कोदवागोड़ान में वन विभाग का चेक पोस्ट और पोलमी में अंतरराज्यीय चेक पोस्ट होने के बावजूद यह अवैध गतिविधि जारी है। हाल ही में स्थानीय लोगों द्वारा एक तस्करी की गाड़ी को पकड़ने का प्रयास भी किया गया था।

**अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर मवेशी तस्करी और पाटेकोहरा बैरियर पर वसूली के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**

### पाटेकोहरा बैरियर पर अवैध वसूली का विवाद

कांग्रेस नेताओं ने पाटेकोहरा बैरियर पर हो रही अवैध वसूली पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में स्टिंग ऑपरेशन के बाद तत्कालीन मंत्री द्वारा इस बैरियर को बंद कर दिया गया था। नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में यह बैरियर फिर से शुरू हो गया है। जहां ड्राइवरों से वसूली न देने पर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं और यहां महीने का पास भी बनाया जा रहा है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि बाहरी लोगों को लगाकर विभाग के लोगों के संरक्षण में यह अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस द्वारा भी इस बैरियर की शिकायत प्रधानमंत्री से की जा चुकी है।

### संस्कारधानी की क्षवि धूमिल

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री और युवा नेता विशु अजमानी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं संस्कारधानी की क्षवि धूमिल करती हैं और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने मांग की कि यह अवैध गतिविधियां तत्काल रुकनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन का रुख करने के लिए मजबूर होगी। ज्ञापन सौंपने के मौके पर अभिमन्यु उदय मिश्रा, ऋषि शास्त्री, बबलू कसार, विशु अजमानी सहित विनोद बमभोले, सागर ताम्रकार, तौसीफ गोरी, राजा वर्मा, प्रीयांश भीमटे, अभी गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, नूतेश कुमार, पुष्पराज कंवर, ललेश्वर कुंवर, रूपेंद्र कंवर, दुर्गेश, लोकेश कुमार, और विवेक गुप्ता आदि युवा नेता उपस्थित थे।

# कमला महाविद्यालय की छात्राओं को नियमित प्रवेश न देने पर एनएसयूआई का विरोध

### नियम का हवाला न दे प्रशासन, छात्राओं के हित में उठाए कदम - राजा यादव



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के भविष्य को लेकर उपजे विवाद के संबंध में आज एनएसयूआई ने महाविद्यालय प्रशासन से मुलाकात की। यह मुलाकात एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव के नेतृत्व में हुई। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि महाविद्यालय में बी.कॉम के तीसरे सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्रा को प्रवेश से वंचित किया जा रहा है, क्योंकि उसने पिछले वर्ष अनियमित छात्र के तौर पर दूसरे महाविद्यालय से परीक्षा दी थी।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल

श्री यादव ने दुर्ग यूनिवर्सिटी के नए नियम का हवाला देते हुए महाविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब यूनिवर्सिटी का यह नियम है कि अनियमित छात्र को नियमित तौर पर प्रवेश नहीं दिया जा सकता तो छात्राओं को शुरुआत में एडमिशन दिया ही क्यों गया? छात्राओं ने महाविद्यालय द्वारा ली जाने वाली परीक्षा, असाइनमेंट जैसे सभी कार्य पूरे कर लिए हैं। ऐसे में अंतिम समय में उन्हें नियम का हवाला देकर महाविद्यालय से बाहर का रास्ता दिखाना पूरी तरह से गलत है। प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन अपनी गलती से पीठ नहीं दिखा सकता और ऐसे में कई छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतिम समय में नियम का हवाला देना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### आंदोलन की चेतावनी

एनएसयूआई ने महाविद्यालय प्रशासन से कड़ी मांग की है कि वह छात्रों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करे और नियम का हवाला देने के बजाय छात्राओं के हित में कदम उठाए। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी पूरी जवाबदेही महाविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव, शुभम प्रजापति, मिथलेश चंदेल, आयुष सिन्हा, गीतेश, कपिल शर्मा, लोकेश साहू और केशव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पहला कॉलम...

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 10 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 10 दिसंबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में भारतीय जीवन बीमा निगम राजनांदगांव द्वारा बीमा सखी के 20 पद एवं आरोग्य हर्बल मैनेजमेंट दुर्ग द्वारा ऑफिस असिस्टैंड के 4 पद, सेल्स एक्सीक्यूटिव्ह के 28 पद, सेल्स वर्क के 18 पद तथा फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्ट्रीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा फायरमेन के 20 पद, सिक्यूरिटी गार्ड के 10 पद, फूड पैकेजिंग के 25 पद, ड्राईवर हैवी लाइसेंस के 10 पद, होम केयर टेकर सर्विस के 10 पद पर भर्ती की जाएगी। विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु 12 तक आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में संचालित पीएम श्री शासकीय हायर सेकेण्डरी शालाओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए जुडो, कराटे, ताईक्कांडों, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाडियों व प्रशिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक एवं पात्र प्रशिक्षक व खिलाड़ी 12 दिसंबर तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 89 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख, नाला में बहने से पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख, बिच्छू के काटने से एक जनहानि होने पर 4 लाख एवं छुरिया तहसील अंतर्गत आंधी-तुफान से दीवाल गिरने से दबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 10 मकान आंशिक क्षति होने पर 40 हजार, बिच्छू काटने से एक जनहानि होने पर 4 लाख और राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार, बांधा तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को स्वीकृत की गई है।

### विजय पंचभाई का निधन



राजनांदगांव (दावा)। भरकापारा आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन के पीछे निवासी विजय पंचभाई (विज्जू) का आकस्मिक निधन 59 वर्ष की आयु में हो गया है। वे अपने पीछे पत्नि, एक पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गए। मृदभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री पंचभाई की अंतिम यात्रा 9 दिसंबर मंगलवार को निज निवास से लखोली मुक्तिधाम हेतु प्रातः 11 बजे निकाली जावेगी।







# टाइल्स वर्कर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा धूमधाम से मनाया गया एसोसिएशन का स्थापना दिवस



राजनांदगांव (दावा)। जिला टाइल्स वर्कर वेलफेयर एसोसिएशन, द्वारा सोमवार 8 दिसंबर को यूनियन संघ का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के टाइल्स ठेकेदारों एवं कामगारों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य टाइल्स श्रमिकों के हितों की रक्षा, एकजुटता एवं संगठन को और मजबूत बनाना बताया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष विनीत, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष ओमकार वर्मा, शहर अध्यक्ष सुखचंद गवारे, कार्यकारिणी अध्यक्ष बिरजू कुमावत तथा संरक्षक संजू पटेल उपस्थित रहे। इसके अलावा संरक्षक के रूप में ज्ञानिक साहू एवं डोमन साहू, संगठन प्रभारी संतोष निषाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### श्रमिकों की समस्या व समाधान विषय पर हुई चर्चा

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने टाइल्स श्रमिकों की समस्याओं, उनके समाधान और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगठन के माध्यम से श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में टाइल्स वर्कर एसोसिएशन के सदस्यगण डाकेश्वर साहू, दयालु निषाद, रामकुमार वर्मा, पूनम साहू, दूलेश साहू, धनेंद्र साहू, फकीर साहू, सुभाष बांसोड़, उमेश रजक, काशीराम, अश्वनी साहू, टेकू साहू, रिखीराम यादव, ओके साहू, यशवंत साहू एवं दमेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकता, मजबूती और श्रमिक कल्याण के संकल्प के साथ किया गया।

# जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर जिले में रविवार 7 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान संपन्न हुआ। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षार्थी सुविधानुसार निर्धारित समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हुए। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया गया। परीक्षा में पूर्व में पढ़ना-लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केन्द्र में पढ़ाई किए हो, जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शाामिल होना चाहते हो, वह शिक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा दिलाने के लिए शिक्षार्थियों में उत्साह रहा। शिक्षार्थियों ने अपने काम जल्दी से निपटाकर केन्द्र में आकर परीक्षा दिलाई। डोंगरगांव विकासखंड के आसरा परीक्षा केन्द्र में 82 वर्षीय बुजुर्ग भुवन साहू ने अपने 55 वर्षीय पुत्र गोपाल साहू के साथ परीक्षा दिलाई। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के परीक्षा केंद्र पूर्व माध्यमिक शाला धीरी में 75 वर्षीय मक्खन निषाद ने अपनी पत्नी श्रीमती सुमित्रा निषाद के साथ परीक्षा दिलाई। राजनांदगांव विकासखंड के 62, डोंगरगढ़ विकासखंड के 143, डोंगरगांव विकासखंड के 43, छुरिया विकासखंड के 43 कुल 478 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने परीक्षार्थियों का केन्द्र तक लाने में अपना सहयोग दिया।

# वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' को 'सामाजिक समरसता सम्मान'



रायपुर (दावा)। बहुप्रतिष्ठित समाज गौरव विकास समिति द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी-कलमकार विजय मिश्रा 'अमित' को 'सामाजिक समरसता सम्मान' से विभूषित किया गया। सिविल लाईन रायपुर स्थित वृंदावन सभागार में आयोजित सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने उन्हें साल श्रीफल, सम्मान पत्र देकर अलंकृत किया। कुलपति चंदेल ने छत्तीसगढ़ की मिट्टी में निहित रीति-रिवाज संस्कार-संस्कृति को बनाए रखने का आव्हान किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व अपर कलेक्टर नोहर राम साहू, गुरु गोरखनाथ अलंकृत आचार्य पुनाराम साहू राज तथा समारोह के संयोजक डॉ. सुखदेव राम साहू 'सरस' ने छत्तीसगढ़ को प्रतिभाओं का गढ़ कहते हुए इसके भविष्य को उज्जवल बताया। कार्यक्रम का संचालन ठेठ छत्तीसगढ़ी में करते हुए ऋतुराज साहू ने विभूषित विजय मिश्रा की कला साहित्य यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया हिंदी लोक-रंगमंचों पर वे पिछले पांच दशक से सतत सक्रिय हैं। हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच में बलराज साहनी अवार्ड से विजय मिश्रा अलंकृत हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुखदेव ने आभार प्रदर्शन किया।

### सूचना

**मैं ऋषीबाई कोठारी पति खेमलाल कोठारी जाति हल्बा निवास करमतरा पो. आ. दनगढ़ तहसील अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी का निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार नं. 369366048039 है। जिस पर मेरे नाम पूर्णिमा पति खेमलालाल दर्ज है मेरे वास्तविक नाम ऋषीबाई कोठारी पति खेमलाल कोठारी है। मै अपना आधार कार्ड पूर्णिमाबाई पति खेमलाल है। जिसके स्थान पर ऋषीबाई कोठारी पति खेमलाल कोठारी मैं सुधार करवाना चाहती हुं। जिस किसी को इस संबंध में आपति है। वह 15 दिन के अन्दर आपत्ति कर सकते है।**

अतः सूचना जाने।
दिनांक 8.12.2025

आवेदिका
**ऋषीबाई**

### नाम परिवर्तन

सर्वविदित हो कि मेरा नाम SHAMA AHMAD है, मेरे पिता का नाम MUNIR KHAN है, जो मेरे पुराने पासपोर्ट में गलती से AHMAD SHAMA और मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में BABY SHAMA, पिता का नाम G.M. KHAN लिखा हुआ है। अब मेरा नाम वर्तमान और भविष्य में सभी शासकीय, अर्ध-शासकीय एवं सभी अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नीचे लिखे मुताबिक ही रहेगा।

**SHAMA AHMAD**
पिता - **MUNIR KHAN**
पति - **TANVIR AHMAD**
पता - **House No. 114-2, Ward No. 25, Gudakhu Line, Rajnandgaon (C.G)**

# आज शहर कांग्रेस संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन एवं पालिका का घेराव

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका में निर्माण कार्यों को लेकर किए गए व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस संगठन आक्रामक रोग अपनाए हुए हैं। प्रदर्शन करने के पूर्व 27 नवंबर को दिए गए ज्ञापन में भाजपा शासन काल के दौरान किए गए व्यापक भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर नगर पालिका अधिकारी को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान द्वारा ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन में जिम्मेदार अधिकारी द्वारा ई टेंडर को लेकर की गई गड़बड़ी, मंगल भवन मरम्मत कार्य में 14 लाख की अनियमितता, गुरु घासीदास भवन में मुरूम डालने के नाम से 43 हजार रुपए का भ्रष्टाचार सहित सफाई व्यवस्था के नाम से की गई खरीदारी में की गई भारी अनियमितता के दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दी गई समय सीमा में किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस संगठन द्वारा आज धरना प्रदर्शन किया जाना है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने बताया कि, 9 दिसंबर को नगर पालिका परिषद के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के विरोध में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कांग्रेस जनों सहित सभी जागरूक गण मान्य जनों की,अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रार्थनीय है। सभी से अनुरोध किया गया है कि वे 9 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें।

### यातायात व्यवस्था सुगम बनाने पीडब्ल्यूडी विभाग को 27 नवंबर को दिया गया ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 27 नवंबर को पी.डब्लु.डी एवं पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था हेतु भारी वाहन प्रवेश निषेध, स्पीड ब्रेकर का निर्माण एवं साईन बोर्ड के संबंध में ज्ञापन देकर समस्या के निराकरण की मांग की गई थी। ज्ञापन में कहा गया था कि, कुछ माह पूर्व लगातार सड़क दुर्घटना होने पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग में भारी वाहन प्रवेश निषेध प्रातः 06 से रात्रि 11 बजे तक विभिन्न स्थानों में स्पीड ब्रेकर, आवश्यक स्थानों में साईन बोर्ड और मुख्य तीन पॉईट में ट्रेफिक पुलिस लगाने के लिये कहा गया था जिसके लिये प्रशासन को उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई थी जिसमें प्रशासन ने खानापूर्ति कर अपना पलड़ा झाड़ लिया था। उक्त सभी मांगों को यदि 07 दिवस के अंदर पूर्ण नहीं किया जाता है तो कांग्रेस पार्टी के द्वारा चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**० समय सीमा पर कार्रवाई नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन - विजय राज चौहान, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी**

# कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में हुआ रक्तदान महादान शिविर



**विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और पूर्व छात्रों ने दिखाया सामाजिक दायित्व, रक्तदाताओं को भेंट किए गए हेलमेट**

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस, भूतपूर्व छात्र संघ एवं बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव के सहयोग से रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भाग लेकर मानव सेवा के प्रति अपने दायित्व का परिचय दिया। कार्यक्रम में बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव की विशेषज्ञ टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त संग्रह किया गया। शिविर में उत्साह वर्धन हेतु रमेश चंद्राकर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, मनोज साहू मण्डल अध्यक्ष, नागेश यदु आदि ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में कहा 'अधिक से अधिक रक्त उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है और इसमें युवाओं का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपका एक कदम कई जीवन बचाने में सहायक बन सकता है।' रक्तदान शिविर में विभिन्न संकायों के छात्रों एवं गोदग्राम पार्रीकला के युवाओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेना उनके जागरूकता का परिचायक है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन में नई आशा जगाता है। युवाओं का यह जागरूकता भाव समाज की वास्तविक शक्ति का परिचायक है।' यूथ रेड क्रॉस प्रभारी धनंजय साहू ने कहा कि रक्तदान महादान जैसे अभियान से आज किसी भी व्यक्ति को खून की कमी से जूझना नहीं पड़ता लोगों में इस प्रकार के शिविरों से जागरूकता आ रही है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने शिविर की सराहना करते हुए कहा 'रक्तदान जैसे मानवीय कार्य छात्रों में अनुशासन, संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व की चेतना को प्रबल करती हैं। महाविद्यालय सदैव ऐसी जनकल्याणकारी पहल को प्रोत्साहित करता रहेगा।'

इस शिविर में उत्कर्ष, गिलेश्वर, यशवंत, सहा. प्रा. राजकिरण बिकाई, मेहुल, अशोक, सुनीता, डाकेश, भुनेश्वर, निलेश, तन्मय, अनोक, देवव्रत, विद्या, ओम, हरीश, दानेश्वर, लाकेश आदि स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों नें रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ हेलमेट प्रदान किया गया तथा सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि मानव सेवा के रूप में रक्तदान महादान अभियान है जिससे सभी लाभान्वित होते हैं।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-8
678-1 259-6

राजधानी
3-6-0
239-4 147-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# खैरागढ़ विधायक ने भरी हुंकार : जनता नहीं चाहती फैक्ट्री तो हम उनके साथ हैं, चाहे जेल जाना पड़े!

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के संडी क्षेत्र में प्रस्तावित 404 हेक्टेयर भूमि पर चूना पत्थर खदान परियोजना को लेकर ग्रामीणों और किसानों में भारी आक्रोश है। परियोजना को लेकर हो रहा है भारी विरोध के बीच खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। कॉन्फ्रेस में उनके साथ प्रभावित क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं समाज से भी मोतीलाल जंघेल, गोकुल चंदेल,मन्नू चंदेल, संजू चंदेल, संतोष यदु, बलदाऊ जंघेल, ज्ञानेंद्र जंघेल, जगेश्वर साहू, ललित साहू, भूपेंद्र वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा मनराखन देवांगन, डॉ. अरुण भारद्वाज, पालिका के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**सीमेंट परियोजना के विरोध में किसानों का पक्ष लेते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने सरकार को घेरा**



### सीमेंट परियोजना के विरोध में मुखर हुए जनप्रतिनिधि

सीमेंट परियोजना के विरोध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जनप्रतिनिधियों ने मुखर होकर अपना विरोध प्रकट किया और कहा कि श्री सीमेंट कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष 8.991 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिससे संडी, पंडरिया, बुंदेली, विचारपुर, भरदागोड सहित 30 से अधिक गांवों पर व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है। ग्रामीणों के पक्ष में विधायक ने आरोप लगाया कि खदान संचालन के लिए पर्यावरणीय मानकों, ध्वनि स्तर, वायु गुणवत्ता, जैव विविधता और वन्य जीवों पर प्रभाव का समुचित वैज्ञानिक आकलन नहीं किया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खदान शुरू होने से भू-जल स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा। खेती योग्य जमीन नष्ट होगी तथा धूलधूसरित वातावरण से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ेंगी।

परियोजना से केवल 138 लोगों को नौकरी देने का दावा किया गया है। जबकि हजारों किसानों की निजी भूमि और जीविका पर संकट मंडरा रहा है। आसपास के गांवों में सड़क, पानी और हवा से जुड़ी पर्यावरणीय क्षति की आशंका भी व्यक्त की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी द्वारा पूर्व तैयारियां शुरू कर दी गई हैं जबकि जनसुनवाई पर निर्णय अभी लंबित है। स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए 11 दिसंबर को प्रस्तावित जनसुनवाई तत्काल रद्द करने और परियोजना पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

### विधायक ने वार्ता में लगाये गंभीर आरोप

विधायक यशोदा वर्मा ने पत्र वार्ता के दौरान सीमेंट परियोजना के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि परियोजना को आनन-फानन में प्रारंभ करने सरपंचों को नजर बंद करने की कोशिश की जा रही है। छुईखदान में श्री सीमेंट के रसूखदार लोग बैठकर अपनी रणनीति के अनुसार काम कर रहे हैं और प्रशासन उनके साथ दे रहा है। किसानों पर लाठी चार्ज करना प्रशासनिक आतंकवाद का ही उदाहरण है। अब तक प्रभावित क्षेत्र के पंचायत से एनओसी भी नहीं ली गई है। विधायक ने किसानों का पक्ष रखते हुए यह भी कहा कि जो लोग परेशान थे उन्होंने आर्थिक तंगी के कारण अपनी जमीन बेची हैं और कहा कि एक उद्योगपति को लाभ पहुंचाने के लिए भाजपा की साय सरकार पूरी शिद्दत से जुटी हुई है। विधायक ने अपने खिलाफ वायरल हुए वीडियो को लेकर सफाई देते हुए कहा कि लगभग 2 साल पहले दिए गए इंटरव्यू के वीडियो को एडिट करके उनके खिलाफ साजिश के तहत वीडियो वायरल किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि शासन और प्रशासन अन्नदाता किसानों की बात सुने और उनके हित में ही फैसला लेकर परियोजना को रद्द करें और जनसुनवाई को तत्काल आगे बढ़ाया जाए।

# पुलिस-किसान विवाद सरकार की हठधर्मिता का परिणाम - रूपेश दुबे



**पूंजीपतियों के दबाव में जनहित की अनदेखी, 11 दिसंबर की जनसुनवाई रद्द करने की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। छुईखदान में पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्त । रूपेश दुबे ने सरकार की हठधर्मिता और पूंजीवादी मानसिकता का प्रत्यक्ष परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि जब 39 गांवों की ग्रामसभाएं कृषि भूमि बचाने और प्रस्तावित सीमेंट फैट्री के खिलाफ एकमत हैं, तब सरकार का सीमित संया वाले गांवों से प्राप्त संदिग्ध हस्ताक्षरों के आधार पर 11 दिसंबर को जनसुनवाई आयोजित करना सरासर जनहित विरोधी कदम है। इसी कारण इस जनसुनवाई को तत्काल रद्द किया जाना आवश्यक है।

दुबे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एक ओर किसानों के धान खरीद में कठोर और उलझाऊ प्रावधान लागू कर अन्नदाताओं को परेशान कर रही है। वहीं दूसरी ओर कृषि भूमि पर उद्योग स्थापित करने के लिए अपने चहेते पूंजीपति मित्रों को खुला संरक्षण दे रही है। न्यू बायोलुक फैक्ट्री को बिना विधिवत प्रक्रिया जलापूर्ति जैसी सुविधाएं देना और कल्याणी इस्पात की जनसुनवाई में जनता की आपत्तियों को नजरअंदाज कर उद्योग शुरू करा देना इसी सोच का उदाहरण है। इन कदमों से स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार जनता के हितों से अधिक उद्योग घरानों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस और किसान न तो एक-दूसरे के विरोधी हैं और न ही दोषी। यह टकराव सरकार की अनसुनी और जिद के कारण उत्पन्न हुआ है।

किसान अपनी जायज मांगों और कृषि भूमि की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। जिस पर अनावश्यक दबाव बनाया गया। अंत में दुबे ने मांग की कि सरकार 11 दिसंबर की जनसुनवाई तत्काल रद्द करे। किसानों और ग्रामसभाओं के निर्णय का सम्मान करे तथा छत्तीसगढ़ की पहचान 'धान का कटोरा' बनाए रखने के लिए जनभावना को सर्वोपरि रखे।

# गाइडलाइन दरों में बड़ा सुधार : नगरीय क्षेत्रों में स्लैब दर मूल्यांकन बहाल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइन दरों में बदलाव का जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने स्वागत करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के लिए प्रदेश सरकार ने त्वरित निर्णय लेते हुए कुछ संशोधन किए हैं, जिस हेतु उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को साधुवाद दिया है। श्री राजपूत ने कहा कि सोमवार को पुनरीक्षण के संबंध में प्राप्त सुझावों, ज्ञापनों और प्रस्तावों पर व्यापक परीक्षण करने के बाद केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमे प्रदेश के नगरीय विकास, रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। सरकार के इस फैसले से किसानों के साथ सभी वर्ग के लोगों को फायदा मिलेगा।

श्री राजपूत ने बताया कि बैठक में नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की इंक्रीमेंटल आधार पर गणना की वर्तमान प्रणाली को समाप्त कर दिया गया है। इसका फायदा यह होगा कि अब पुनः पूर्व प्रचलित उपबंध लागू होंगे। जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन किया जाएगा। इस बदलाव से मूल्यांकन प्रक्रिया सरल होने के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ेगी। वहीं बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान एवं कार्यालय के अंतरण पर सुपर बिल्ट-अप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य की गणना का प्रावधान भी हटा दिया गया है। अब मूल्यांकन बिल्ट-अप एरिया के आधार पर किया जाएगा। यह प्रावधान मध्यप्रदेश शासन के समय से लागू था, जिसे बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नए प्रावधान से वर्टिकल डेवलपमेंट को गति मिलेगी और शहरी भूमि का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा।



**भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार, कहा- 'जनहित का आधार'**

### छूट के नए प्रावधान से होंगे कई लाभ

केंद्रीय बोर्ड ने बहुमंजिला भवनों एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए मूल्यांकन में छूट के नए प्रावधान भी लागू किए हैं। अब बेसमेंट और प्रथम तल पर 10 प्रतिशत तथा द्वितीय तल एवं उससे ऊपर के तल पर 20 प्रतिशत की कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को किफायती दरों पर फ्लैट और व्यावसायिक स्थान मिलने में मदद मिलेगी। इसी तरह कमर्शियल कॉम्प्लेक्सों में 20 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित संपत्तियों के लिए 25 प्रतिशत कमी के साथ भूखंड की दरों का मूल्यांकन किया जाएगा। 20 मीटर की दूरी का आकलन मुख्य मार्ग की ओर से निर्मित हिस्से से किया जाएगा। जिससे वास्तविक स्थिति के आधार पर अधिक न्यायसंगत मूल्यांकन संभव होगा।

### 31 दिसंबर तक सुधार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

श्री राजपूत ने संस्कारधानी की जनता एवं जमीन व्यवसाय से जुड़े हुए सभी लोगों को आवाहन करते हुए कहा कि केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने जिला मूल्यांकन समितियों को यह भी निर्देशित किया है कि हाल ही में दरों में वृद्धि के बाद प्राप्त आपत्तियों, ज्ञापनों और सुझावों का परीक्षण कर 31 दिसंबर तक गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण के प्रस्ताव भेजें। इन प्रस्तावों का विश्लेषण कर बोर्ड आगामी गाइडलाइन दरों पर अंतिम निर्णय लेगा। श्री राजपूत में सभी जागरूक लोगों को ऐसे क्षेत्र जहां बाजार दर से सरकारी रेट ज्यादा हो उसकी लिखित जानकारी देने से मूल्य में संशोधन का आश्वासन भी दिया है। राजपूत ने कहा कि इन सभी निर्णयों को तत्काल प्रभाव से लागू घोषित किया गया है। जिससे राज्य में रियल एस्टेट सेक्टर में स्थिरता, पारदर्शिता और किफायती आवास उपलब्ध कराने के प्रयासों को नई दिशा मिलेगी।

# पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता 'चंपू' ने की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से शिष्टाचार भेंट

**बिहार चुनाव पर्यवेक्षक के अनुभव साझा किए, संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति पर हुई चर्चा**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के इंदिरा नगर वार्ड नंबर 41 के पूर्व पार्षद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एसटी विभाग द्वारा हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त किए गए ऑब्जर्वर (पर्यवेक्षक) राजेश गुप्ता 'चंपू' ने गत 4 दिसंबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से शिष्टाचार भेंट की। यह महत्वपूर्ण मुलाकात रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय राजीव भवन में हुई।

### मुलाकात का उद्देश्य

मुलाकात के दौरान, श्री राजेश गुप्ता 'चंपू' ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीतियों और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। श्री गुप्ता ने बताया कि उन्होंने बिहार चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में अपने अनुभवों को साझा किया और संगठनात्मक कार्यों को लेकर श्री बैज का मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीपक बैज के ऊर्जावान नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी लगातार सशक्त हो रही है।

# ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का हुआ आयोजन



**ग्रामीणों को क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की बताई गई विधि**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार दिवस का व्यापक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड चस्पा किया गया है। ग्रामीणों को क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की विधि बताई गई। ग्रामीणों को अधिक से अधिक मांग पत्र ग्राम पंचायत में जमा करने, स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त करने तथा महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया गया।

मनरेगा अंतर्गत कार्यरत शत प्रतिशत श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण कराने कहा गया। कार्यक्रम में मोर गांव-मोर पानी अभियान को और अधिक गति देने के उद्देश्य से जल संरक्षण से संबंधित अधिक से अधिक कार्यों के चयन एवं निर्माण पर जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत आजीविका संवर्धन हेतु डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, जल संग्रहण संरचनाओं एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों के लिए हितग्राहियों एवं स्थलों के चयन पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना निर्माण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।

जिससे विकास कार्यों की बेहतर योजना बनाई जा सके। पंचायत स्तर पर स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को प्रारंभ करने और प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मेसन प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। मनरेगा रोजगार दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम उत्साह और जागरूकता के साथ संपन्न हुआ।

# भारतरत्न डॉ. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके अनुवाइयों ने 31 यूनिट किया रक्तदान




डोंगरगढ़ (दावा)। संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आदर्श नागसेन बुद्ध विहार में रक्तदान शिविर एव स्वस्थ परीक्षण के तहत बीपी, एचबी, ब्लड ग्रुप का शिविर में चेकअप किया गया। जिनमें सामाजिक युवाओं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 31 यूनिट रक्त एकत्र किया। जिससे यह एक मानवीय सेवा और सामाजिक समरसता के रूप में मनाया गया। जिसमें बाबा साहेब के विचारों को याद किया गया और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

इन सभी आयोजनों में रक्तदान को महादान और अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया गया। इस अवसर पर भंते कुमार कश्यप भंते नागरत्न भंते सारिपुत्र, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर , गर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पार्षद जय किशोर अम्बादे, मनीष बडोले, मिलन टेंभुरकर, उमेश हत्थेल, दीपक साखरे, लोकेश इंदुरकर, करण नंदेश्वर, विलास सहारे, अमन बंसोड, जोशसिंग कोटांगले योगेश चौरे निर्भय चौखांदे् प्रजेश सहारे धर्मकृति नंदेश्वर योगेश सरजारे दीपक ऊके संतोष नंदेश्वर सहित बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहे।

# डॉ. आबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 156 लोगों ने किया 'भीम के नाम रक्तदान'



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय संविधान के शिल्पकार महामानव डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर के अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति और बौद्ध समाज राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर भीम के नाम रक्तदान का आयोजन किया गया। बौद्ध समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्ध धम्मगुरु पूज्य भदंत महेंद्र थेरो जी एवं पूज्य भदंत धम्मपाल जी की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। प्रातः 9 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में बाबासाहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और सामूहिक त्रिसरण-पंचशील ग्रहण किया गया। इसके बाद रक्तदान शिविर प्रभारी संदीप कोल्हाटकर जी ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया।

**बौद्ध कल्याण समिति द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्तवीरों को प्रमाण पत्र के साथ हेलमेट भेंट**

### सभी वर्गों की सहभागिता

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका निगम के महापौर मधुसूदन यादव, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, पार्षदगण, नगर के सम्मानित नागरिक, विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। विनोद श्रीरंगे ने बताया कि डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चले इस रक्तदान कार्यक्रम में भारी उत्साह देखा गया। रक्तदान हेतु 150 लोगों ने पंजीकरण करवाया था, लेकिन 210 लोग रक्तदान करने पहुंचे। जिनमें से 156 लोगों ने सफलतापूर्वक 'भीम के नाम रक्तदान' किया।

### रक्तवीरों का विशेष सम्मान

रक्तदान करने आए सभी रक्तवीरों को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव ब्लड बैंक और प्राइवेट बालाजी ब्लड बैंक की स्टाफ टीमों द्वारा रक्त जांच के बाद रक्तदान करवाया गया। सभी रक्तवीरों को बौद्ध कल्याण समिति और ब्लड बैंकों की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सबसे खास बात यह रही कि रक्तदान कर दूसरों को जीवनदान देने वाले सभी रक्तवीरों को उनके स्वयं के जीवन की सुरक्षा हेतु निशुल्क हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बौद्ध समाज सहित सभी जाति-धर्म के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया। आयोजक बौद्ध कल्याण समिति ने इस सफल आयोजन के लिए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य समुदाय के लोगों सहित सभी सहयोगियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मोहला में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**जिला संयोजिका बूंदा वर्मा सहित सैकड़ों महिलाएं हुई शामिल**



मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय मोहला स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम को स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल मोहला की प्राचार्या सीमा वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में महिलाओं का योगदान सदैवद्द महत्वपूर्ण रहा है। वहीं हाईस्कूल हथरा की व्याख्याता तृप्ति वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी धैर्य, सहनशीलता और आत्मविश्वास की प्रतीक होती है। संप्त शक्ति संगम जिला संयोजिका बूंदा वर्मा ने बताया कि उन्हें चार जिलों की संयोजिका का दायित्व मिला है। उन्होंने कहा कि जिले में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता है। स्वयं सहायता समूह में उत्कृष्ट कार्य कर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने वाली श्रीमति फूलबासन यादव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके मार्ग पर चलकर आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा देश के विकास में योगदान देने वाली महान महिलाओं की झांकी निकाली गई। जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व समाज में अग्रणी भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर बूंदा वर्मा, सीमा वर्मा, सरस्वती ठाकुर, तृप्ति वैष्णव, सविता यादव, विद्यालय की शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन रिजवाना शेख और बुद्ध मित्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन मोनिका ब्यौहरे द्वारा किया गया।

## अनमोल दावा

> “ जब तक आहार शुद्ध न होगा, तब तक मन, बुद्धि पवित्र नहीं होंगे।

# हिंदी-तमिल में सहकार का संबंध, दोनों के साहित्य में स्त्री तथा दलित विमर्श भी एक तरह दिखते हैं

काशी-तमिल संगमम का आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भाषाई संवर्धन और ज्ञान साझाकरण के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तमिल की उपेक्षा करने और संस्कृत-हिंदी को बढ़ावा देने का आरोप लगाना स्वतः गलत सिद्ध हो जाता है। पिछले दिनों तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन संस्कृत को मरी हुई भाषा बता रहे थे तो यह भूल गए कि तमिल भाषा के अनेक मनीषियों ने संस्कृत और हिंदी को अपनाया। तमिल के महान कवि सुब्रह्मण्यम भारती मानते थे कि संस्कृत साहित्य में महान ज्ञान संपदा है। सुब्रह्मण्यम भारती ने गीता का संस्कृत से तमिल में अनुवाद किया था। भारती हिंदी के प्रबल हिमायती भी थे। नागपुर से 1907 में च्हिंदी केसरीज् समाचार पत्र निकलने लगा तो भारती पुदुचेरी से निकलने वाली तमिल साप्ताहिक पत्रिका इंडिया में च्हिंदी केसरीज् में प्रकाशित कई लेखों का तमिल अनुवाद प्रकाशित करने लगे। उन्होंने 1907 में स्वयं हिंदी वर्ग चलाकर तमिल माध्यम से हिंदी सीखने की मुहिम चलाई। सुब्रह्मण्यम भारती ने स्वदेश मित्रन पत्रिका में हिंदी पाठों के तमिल रूपांतर प्रकाशित किए।

भारती की तरह हिंदी को अपनाने का क्रम बराबर चलता रहा। पूर्णम सोम सुंदरम ने हिंदी में च्तमिल साहित्य का संक्षिप्त इतिहासज् प्रस्तुत किया। डा. एनवी राजगोपालन ने तमिल साहित्य के विभिन्न कालों की साहित्यिक प्रवृत्तियों पर विस्तार से लिखा। डा. केए जमुना ने च्तमिल भाषा और साहित्यज्, डा. पी. जयरामन ने च्आधुनिक तमिल साहित्य सर्वेक्षणज् और च्संत वाणीज्, डा. एम शेषन ने च्तमिल साहित्यः एक झांकीज् और डा. एम. गोविंदराजन ने च्आलवार एवं अष्टछाप के भक्तिकाव्य का तुलनात्मक अध्ययनज्, च्श्रीशक्ति तमिल-मालैज् (हिंदी द्वारा तमिल सीखें) पुस्तकें लिखीं। एमजी वेंकटकृष्णन ने च्तिरुक्कुरलज्, डा. एन. सुंदरम ने च्नायालिर दिव्य प्रबंधनज् और टी. शेषाद्रि ने महर्षि कंबन कृत रामायण का हिंदी में अनुवाद किया। तमिल साहित्य के प्रसिद्ध ग्रंथ च्तोल्काप्पियमज्, च्शिलप्पदिगारमज्, च्मणिमेखलैज् का हिंदी अनुवाद उपलब्ध है।

डा. पी. जयरामन द्वारा तमिल वैष्णव आलवार संतों की कविताओं का हिंदी अनुवाद च्संत वाणीज् वाणी प्रकाशन से आया है। यह किताब बताती है कि कर्म-ज्ञान-भक्ति योग से आप्लावित भारतवर्ष के दक्षिण से उत्तर तथा पूर्व से पश्चिम तक उसकी भावात्मक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक एकात्मता उसकी सुदीर्घ वैचारिक धारा से स्वयंसिद्ध है। भारतीय एकात्म संस्कृति का निर्माण आध्यात्मिक चेतना की आधारशिला पर हुआ है। उनमें से एक है युगों से चली आने वाली वैष्णव भक्ति धारा। भारतीय निगमों, आगमों, गीता, पद्म पुराण, विष्णु पुराण, श्रीमद् भागवत आदि द्वारा जो वैष्णव भक्ति चेतना उत्तर भारत में विकसित हुई, वही ईसा पूर्व के संघकालीन तमिल साहित्य से होते हुए संघोत्तरकालीन महाकाव्य च्शिलप्पधिकारम्ज्, च्मणिमेखलैज् आदि में प्रतिष्ठित होकर परवर्ती परम भागवत वैष्णव संत भक्तों-आलवारों के च्दिव्य प्रबंधम्ज् में आकर गहनतम प्रपत्तिपरक नारायण (विष्णु) भक्ति के रूप में व्यापक रूप से प्रचारित हुई। यह वैष्णव भक्ति धारा परवर्ती आचार्यों के माध्यम से दक्षिण से वृंदावन तक पहुंचकर समग्र भारत में फैली। यह भारत की आध्यात्मिक एकात्मता की संक्षिप्त रूपरेखा है।

तमिल और हिंदी भाषाओं के साहित्य में समानता भक्ति परंपरा की प्रवृत्ति में हम देख सकते हैं। परशुराम चतुर्वेदी ने अपनी किताब च्भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक रेखाएंज् में लिखा है कि भक्ति के विकसित हुए रूप के दर्शन हमें उन तमिल रचनाओं में होते हैं, जो पीछे आलियारों तथा आलवारों द्वारा निर्मित हुई और जो इस समय भी तमिल साहित्य का एक प्रमुख अंग बनकर प्रसिद्ध है। आलियारों के इष्टदेव शिव थे और आलवारों के विष्णु अथवा राम एवं कृष्ण थे। विभिन्नताओं के होते हुए भी उनकी भक्ति साधना में अंतर नहीं था। उनका लक्ष्य एकसमान था, उनके भावों में एक अपूर्व सादृश्य था और उनकी लोकभाषा की रचनाओं ने सर्वसाधारण को प्रभावित किया। संतकाव्य की परंपरा प्रायः सर्वत्र व्याप्त है। तमिल के च्अठारह सिद्धज् संत कवि थे, जिन्होंने सरल वाणी में रहस्यवादी रचनाएं की हैं। इसी प्रकार कबीर, दादू, सुंदरदास आदि की दिव्य प्रतिभा से आलोकित हिंदी का संत काव्य भी गुण एवं परिमाण दोनों ही दृष्टियों से अत्यंत समृद्ध है। मध्ययुग में संत-काव्य और प्रेमाख्यान काव्य की प्रवृत्तियां तमिल और हिंदी में समान रूप से मिलती हैं। तमिल और हिंदी में चारण-काव्य की प्रवृत्ति एक जैसी है। तमिल और हिंदी में शृंगार काव्य भी एक जैसा है। दोनों भाषाओं के साहित्य में स्त्री विमर्श तथा दलित विमर्श एक ही तरह से चलते दिखते हैं। भारतीय साहित्य की मूलभूत एकता को बल पहुंचाने और भारतीय भाषाओं के साहित्य में सहकार संबंध स्थापित करने के लिए सरकारी एवं गैर-सरकारी स्तर पर निरंतर प्रयास होते रहे हैं। पिछले चार वर्षों से काशी-तमिल संगमम का आयोजन उसी का हिस्सा है। इसका चौथा संस्करण दो दिसंबर को प्रारंभ हो चुका है। इसका आयोजन तमिलनाडु और काशी के बीच गहरे सभ्यतागत संबंधों का उत्सव मनाने के लिए किया जाता है। काशी-तमिल संगमम का आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भाषाई संवर्धन और ज्ञान साझाकरण के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तमिल की उपेक्षा करने और संस्कृत-हिंदी को बढ़ावा देने का आरोप लगाना स्वतः गलत सिद्ध हो जाता है।

# कांग्रेस का एकमात्र मकसद सत्ता प्राप्त करना

**बलबीर पुंज**

कांग्रेस कभी औपनिवेशिक विभाजनकारी नीतियों से लड़ने का प्रतीक थी। किंतु दुर्भाग्य से, वही विषाक्त चिंतन पं.नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के दौर से गुजरते हुए आज राहुल गांधी के समय तक पार्टी की नस-नस में समा गया है। अब कांग्रेस नेतृत्व का एकमात्र मकसद किसी भी कीमत पर सत्ता प्राप्त करना रह गया है– चाहे इसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा-अखंडता को दांव पर लगाकर भारत की प्रतिष्ठा को ही धूमिल क्यों न करनी पड़े।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस को मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस कहने और उसे देश के लिए खतरा बताने का निहितार्थ क्या है? इस विचार को प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार नहीं, बल्कि तीन अवसरों पर व्यक्त किया हैं। पहले 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग गठबंधन द्वारा दर्ज प्रचंड जीत पर दिल्ली में भाजपा समर्थकों को संबोधित करते हुए। फिर 15 नवंबर को गुजरात स्थित सूरत के एक कार्यक्रम में और इसके बाद 17 नवंबर को दिल्ली में आयोजित रामनाथ गोयनका व्याख्यान में।

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 10-15 साल पहले कांग्रेस में जो अर्बन-नक्सली माओवादी पैर जमा चुके थे, अब वो कांग्रेस को 'मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस' (एम.सी.सी.) बना चुके हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी से कहता हूं कि मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस अपने स्वार्थ मेंज देश के लिए खतरा बनते जा रही है। कांग्रेस की यह छवि एकाएक नहीं बनी है और न ही यह मात्र कोई चुनावी या राजनीतिक जुमलेबाजी है।

कांग्रेस का संकट बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे पर उसके आधिकारिक वक्तव्य से स्पष्ट है, जिसमें पार्टी नेतृत्व मतदाता द्वारा नकारे जाने को फर्जी वोट चोरी का परिणाम बता रही है। दरअसल, वर्तमान कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता-विपक्ष राहुल गांधी जिस विभाजनकारी मार्ग पर चल रहे है, उसकी प्रेरणा उन्हें अपने परिवार ही से मिली है। वर्ष 1950 से राहुल के परनाना पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिस विकृत सेकुलरवाद को अपनाया, उसने देश में इस्लामी कट्टरता और हिंदू-विरोधी शक्तियों को नया जीवनदान दिया।

पहले उन्होंने जम्मू-कश्मीर के इस्लामी स्वरूप को बरकरार रखने हेतु अनुच्छेद 370-35ए को संविधान में बिना चर्चा के 'चोर दरवाजे' से शामिल करवाया, तो बहुसंख्यकों के लिए 'हिंदू कोड बिल' लागू करके मजहबी स्वतंत्रता के नाम पर मुस्लिम समाज को हलाला और तीन तलाक जैसी कुरीतियों के साथ छोड़ दिया। पं।नेहरू के लिए हिंदू मंदिर दमनकारी, तो केवल हिंदू ही सांप्रदायिक थे। कालांतर में उनके द्वारा अपनाई समाजवाद प्रेरित नीतियों ने भारतीय आर्थिकी को ध्वस्त कर दिया, जिसकी चर्चा पिछले कुछ लेखों में की जा चुकी है। यह विकृति राहुल की दादी श्रीमती इंदिरा गांधी के शासन में और बढ़ गई। उन्होंने 1969 में कांग्रेस टूटने के बाद अपने धड़े की वैचारिक संगोष्ठी उन वामपंथियों के हाथों में सौंप दी, जो अधिनायकवाद को बढ़ावा देने के साथ न तो तब स्वयं को भारत की बहुलतावादी सनातन संस्कृति से जोड़ पाए थे, न ही अब जोड़ पाते है। इसके परिणामस्वरूप, अदालत द्वारा अपनी वोट चोरी पकड़े जाने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल (1975-77) थोप दिया।



इसी दौरान अयोध्या में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के प्रमाण संबंधित उत्खनन रिपोर्ट को भी दबा दिया गया। कालांतर में पंजाब में अपनी विरोधी अकाली दल को हाशिए पर पहुंचाने हेतु उन्होंने मृत 'खालिस्तान' विचार को अपने क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ और सत्ता हथियाने की लालसा में पुनर्जीवित कर दिया। इसका उल्लेख गैर-राजनीतिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी और भारतीय खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) में वर्षों जुड़े रहने के बाद सेवानिवृत हुए गुरबख्श सिंह सिधू ने अपनी पुस्तक 'द खालिस्तान कांस्पीरेसी' में किया है। जैसे 1980 के दशक में जरनैल भिंडरावाले को आगे रखकर इंदिरा गांधी ने हिंदू-सिख संबंधों को लेकर आत्मघाती राजनीति की, ठीक उसी तरह राहुल के पिता राजीव गांधी ने वर्ष 1986 के शाहबानो मामले से 'मुस्लिम वोटबैंक' का बिगुल फूंक दिया। तब मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेकते हुए तत्कालीन राजीव सरकार ने संसद में प्रचंड बहुमत के बल पर मुस्लिम महिला उत्थान की दिशा में आए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया था। कालांतर में मुस्लिम-विरोध के कारण ही सलमान रुश्दी की 'सैटनिक वर्सेज' (1988) और तस्लीमा नसरीन की 'लज्जा' (1993) पुस्तकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। भले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता (दिवंगत) डॉ. मनमोहन सिंह 2004-2014 के बीच देश के प्रधानमंत्री रहे, परंतु उन्हें दिशानिर्देश असंवैधानिक 'राष्ट्रीय सलाहकार परिषद' (एन.ए.सी.) से मिलते थे, जिसका नेतृत्व तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्षा और राहुल की माताजी सोनिया गांधी कर रही थीं। एन।ए।सी। में ऐसे लोग शामिल थे, जिनका राष्ट्रहित के बजाय वैचारिक एजेंडे (वामपंथ सहित) से अधिक सरोकार था। इसी कालखंड में 2002 के उस नृशंस गोधरा कांड, जिसमें जिहादियों ने भजन-कीर्तन कर रहे 59 हिंदुओं को ट्रेन में जिंदा जला दिया था– उसे हादसा बताकर रफादफा करने का असफल प्रयास किया गया। घुमा-फिराकर देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बता दिया।

हलफनामा देकर सर्वोच्च न्यायालय में मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को काल्पनिक कह दिया। वैश्विक रूप से स्थापित जिहादी आतंकवाद-कट्टरवाद को तब देश में 'इस्लामोफोबिया' घोषित करने हेतु मनगढ़ंत 'हिंदू-भगवा आतंकवाद' का हौव्वा खड़ा कर दिया। इसके अंतर्गत, वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले (26/11) में असली दोषी (पाकिस्तानी आतंकियों) को क्लीनचिट देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को फंसाने का फर्जी नैरेटिव बुना गया। यासीन मलिक जैसे खूंखार जिहादियों से सहानुभूति रखते हुए उसे राजकीय मंच दिया गया। यहां तक, एन.ए.सी. के मार्गदर्शन में तब कांग्रेस सरकार ने वह विषाक्त सांप्रदायिक हिंसा रोकथाम विधेयक भी संसद से पारित कराना चाहा, जिसके तहत केवल बहुसंख्यक– अर्थात् हिंदू को ही किसी सांप्रदायिक हिंसा के लिए दोषी मानने का प्रावधान था। वर्ष 2014 से कांग्रेस अपने शीर्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार तीन लोकसभा चुनाव और दर्जनों विधानसभा चुनाव हार चुकी है। अपने निरंतर घटते जनाधार की ईमानदार समीक्षा करने के बजाय कांग्रेस ने भाजपा से अलग दिखने के लिए प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से उन विभाजनकारी शक्तियों– विशेषकर वामपंथी-जिहादी चिंतन को आत्मसात कर लिया है, जिनका अंतिम लक्ष्य भारत की बहुलतामूलक सनातन संस्कृति को नष्ट करना, अमानवीय अधिनायकवाद स्थापित करना और देश को जातिङ्कमजहबङ्कभाषा जैसे आधारों पर कई टुकड़ों में बांटना है। गांधीजी-पटेल के सानिध्य में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस कभी औपनिवेशिक विभाजनकारी नीतियों से लड़ने का प्रतीक थी। किंतु दुर्भाग्य से, वही विषाक्त चिंतन पं.नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के दौर से गुजरते हुए आज राहुल गांधी के समय तक पार्टी की नस-नस में समा गया है।

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से : भारत-दक्षिण अफ्रीका का मैच और कवि के टीवी से सिग्नल हुए गायब

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कवि कुमार ने आज सुबह टी वी ऑन किया था तो सारे चैनल आ रहे थे। पर आज शाम को कवि ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे क्रिकेट मैच देखने के लिए टी वी ऑन किया तो सिग्नल गायब था। टीवी स्क्रीन पर यह लिखा हुआ आ रहा था-

''दिस कैन हैपन ड्यू टू बेड वेदर आर ए लैक ऑफ टीवी सिग्नल फ्रॉम द सैटेलाइट।''

कवि कुमार आश्चर्य में पड़? गए। ऐसा कैसे हो सकता है? कवि जी तुरंत बाहर लपके। शाम ढल चुकी थी। आसमान साफ था। चंद्रमा और तारे सभी चमक रहे थे। कवि का आश्चर्य और बढ़ गया। भीतर आकर उन्होंने पत्नी रिमझिम से कहा,

''टी वी चालू नहीं हो रहा है रिमझिम। पता नहीं क्या हो गया है।''

पत्नी जी किचन से काम छोड़कर आई। उन्होंने थोड़ा झल्लाते हुए कहा,

''अब मुझे क्या पता? मैंने तो टीवी ऑन ही नहीं किया आज । पर यह मैडम जी बार-बार बोल तो रही है-ड्यू टू बेड वेदर, ड्यूट् टू बेड वेदर।''

''हाँ। पर आसमान तो साफ है। एकदम फिल्मी रोमांटिक सीन सा अनुभव करवा सकता है।एक बार सेट अप बॉक्स और टीवी दोनों का बटन चालू-बंद करके देखता हूँ।

रिमझिम मुस्कुराते हुए किचन में लौट गई और कवि जी बार-बार बटन चालू- बंद कर और वायर को ठीक से लगाने की कोशिश कर अपने अभियान में जुटे थे।

जब समाधान नहीं निकला तो उन्होंने चंद्रमुखी को फोन किया।

''चंद्रमुखी। क्या तुम्हारे घर टीवी सिग्नल आ रहा है?''

''हाँ जीजाजी। हमारे घर आ रहा है। क्या मैच है। यशस्वी जायसवाल की आतिशी पारी जारी है।

''मगर हमारे यहाँ तो नहीं आ रहा।''

''तो निराश क्यों होते हैं? आप और दीदी हमारे घर आ जाइए। यहीं मिलकर मैच देखते हैं और खाना बनाते हैं।''

''नहीं। बाहर कड़ाके की ठंड है। फिर तुम्हारी दीदी ने खाना लगभग बना ही लिया है।''

''अच्छा! मैं आपको एक टीवी मैकेनिक का नंबर भेजती हूँ।''

टीवी मैकेनिक लगभग 1 घंटे बाद आया। उसने छत पर चढ़कर डिस्क की जाँच की। टीवी का स्विच ऑन आफ करवाकर सिग्नल स्कैन करवाया। टी.वी. ठीक हो गया। उसने कहा-बंदरों ने डिश एंटीना के एलएनबी लो नॉइज ब्लाक डाउन कन्वर्टर को तोड़ दिया था।


कवि जी ने इस उत्पात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के स्थान पर मैच वाला चैनल सेट किया। अफसोस, मैच समाप्त हो चुका था।

## शब्द सामर्थ्य -252

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 251 का हल**



## सू- दोकू क्र.252

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.251 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

# शर्माएगा नहीं तो हिचकिचाएगा

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर भाई!
अब पत्नी पीड़ित पतियों की
भी होगी सुनवाई।
पुरूष आवेदकों का कहना था
कि महिला परामर्श केन्द्र में
महिलाओं की ही सुनवाई होती हैं,
पुरूषों की कोई बात की
सुनवाई नहीं होती है,
जिसको दृष्टिगत रखते हुए
पुरूष आवेदकों की समस्याओं के
समाधान हेतु
कानूनी एवं विधिक सलाह हेतु
महिला थाना में पुलिस अधीक्षक ने
आफिस का उद्घाटन किया।
गजाधर! इस पर आपकी प्रतिक्रिया ?''
गजाधर कुछ कहते, इसके पहले,
गृहस्थ गिरधारी पूछ उठे -
''पत्नी पीड़ित पतियों को
उनके नाम उजागर होने पर
उन्हें शर्म नहीं आएगी गजाधर?''
गजाधर मुस्कराए बोले-गिरधारी!
सचमुच में यही सोच रहे थे हम।
तुम्हारे शंकात्मक प्रश्न में है दम।
देखो, दोस्तों के जोर देने पर
पत्नी पीड़ित पति जब
शिकायती आवेदन लेकर जाएगा।''
तो वह शर्माएगा नहीं तो
हमें लगता है, वह जरूर हिचकिचाएगा।
सोमवार 8 दिसम्बर 2025



गिरीश बख्शी

## कविता

# ''सूरज दादा आओ ना''

सूरज दादा सूरज दादा, जल्दी से तुम आओ ना।
बहुत बढ़ी हैं जाड़ा अब तो, इसको दूर भगाओ ना।।
गाय बैल अरु कुत्ता बिल्ली, ठंडी में वो भी रोते।
थर थर थर थर काँपे सारे, नहीं रात में वो सोते।।
लुका छुपी का खेल खत्म कर, अब आगे तुम आओ ना।
बहुत बढ़ी है जाड़ा अब तो, इसको दूर भगाओ ना।।
आग तापते हम तो सारे, घर अंदर घुस जाते हैं।
स्वेटर मफलर साल ओढ़ कर, गर्म हवा भी पाते हैं।।
कुत्ता बिल्ली सहमे बैठे, जाये कहाँ बताओ ना।
बहुत बढ़ी है जाड़ा अब तो, इसको दूर भगाओ ना।।
बेजुबान ये जीव जन्तु सब, ठंडी में मर जाते हैं।
किसे बताये अपनी हालत, रातों को चिल्लाते हैं।।
देखो हालत इनकी दादा,
थोड़ा तरस दिखाओ ना।
बहुत बढ़ी है जाड़ा अब तो,
इसको दूर भगाओ ना।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा। आपको अपने भाई के स्वास्थ्य को लेकर यदि कोई चिंता है, तो आप उनके कुछ जरूरी टेस्ट आदि अवश्य कराएं। घूमने जाने के लिए आप योजना बना रहें हो, तो आपको अपने माता-पिता से पूछकर जाना बेहतर रहेगा।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए बेहतर रहेगा। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी, लेकिन आपके मन में आज कुछ कामों को लेकर उलझनें रहेगी, जिनको लेकर आप बिल्कुल आगे ना बढ़ें। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपको अपने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप यदि किसी परिजन से कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि आपको अच्छी सफलता हासिल होगी और आपके कोई मन की इच्छा भी पूरी हो सकती है। आपकी बेवजह क्रोध करने की आदत के कारण आपकी समस्याएं बढ़ेंगी, इसलिए आपको अपनी आदत में बदलाव लाना होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए धन के मामले में थोड़ा कमज़ोर रहेगा। सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन रहेगा। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आप किसी को धन को लेकर सलाह देने से बचें। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपकी तरक्की के मार्ग रास्ते खुलेंगे। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। घर में सुख-सुविधाओं की वस्तुओं की खरीदारी पर आप अच्छा खासा खर्चा करेंगे, लेकिन आपको अपने भाई- बहनों से किसी बात को लेकर खरी खोटी सुनने को मिल सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपकी शत्रु भी आपके मित्र बन सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपका कोई करीबी दोस्त आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का अच्छा समय बीतेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसको लेकर आपको ढील बिल्कुल नहीं देनी है। आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। संपत्ति से भी आपको अच्छा फायदा होगा और यदि आपने कोई पुराना इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे भी आपको अच्छे बेनिफिट मिलते दिख रहे हैं। आप आय को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे, लेकिन फिर भी आपको थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक संपत्ति को लेकर यदि कोई वाद-विवाद बात चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। अवविवाहित जातकों के जीवन में किसी नये मेहमान की दस्तक हो सकती है। माता-पिता के सहयोग से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें और संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए आप कहीं बाहर भेज सकते हैं।

**मीन**
आज आपका मान सम्मान बढ़ने से आपको खुशी होगी और कार्यक्षेत्र में भी आपको कोई पुरस्कार आदि मिल सकता है। आप बड़ों की बातों पर पूरा ध्यान दें और आप अपनी किसी शारीरिक समस्या को लेकर आपने किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श ले सकते हैं। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

# नवभारत साक्षता कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा महाअभियान संपन्न

डोंगरगांव (दावा)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल पर राज्यव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा महाभियान का आयोजन 07 दिसंबर 2025 रविवार को किया गया। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 07 दिसंबर 2025 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से शायं 5:00 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हुए। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया गया प्रश्न पत्र के तीन भाग थे 1.पढ़ना 2.लिखना एवं 3 गणित प्रत्येक भाग 50 अंकों प्रश्न पत्र को हल किया। परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ, जो मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पढ़ाई किए हैं व उल्लास साक्षरता केन्द्र में पठन-पाठन किया है। ऐसे शिक्षार्थीयों जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा में वे शामिल हुए।



डोंगरगांव विकासखंड के आसरा परीक्षा केंद्र में 82 वर्षीय बुजुर्ग श्री भुवन साहू ने अपने 55 वर्षीय पुत्र गोपाल साहू के साथ परीक्षा दिलाई इसी तरह परीक्षा केंद्र पूर्व माध्यमिक शाला धीरी विकासखंड राजनांदगांव में 75 वर्षीय मक्खन निषाद ने अपनी पत्नी सुमित्रा निषाद के साथ परीक्षा दिलाई। परीक्षार्थियों में खासा उत्साह परीक्षा दिलाने के लिये शिक्षार्थियों में उत्साह

## परीक्षा केंद्र में किया गया स्वागत पिता पुत्र, सास बहू, पति पत्नी ने दिलाई परीक्षा

रहा उन्होंने अपने काम जल्दी से निपटाकर केन्द्र में आकर परीक्षा दिलाई। परीक्षा केन्द्र में केन्द्राघ्यक्ष पर्यवेक्षक, स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने परीक्षार्थियों का केन्द्र तक लाने में अपना सहयोग दिया। जिले को कुल 15239' शिक्षार्थियों का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें शाम 05:00 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 6200 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए है। 28 संकुल से परीक्षार्थियों की जानकारी देर शाम तक प्राप्त होगी अतः ये संख्या बढ़ सकती है। विकासखंड राजनांदगांव के 62 डोंगरगढ़ के 143 डोंगरगांव के 43 छुरिया के 230 कुल 478 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुई। प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे के बीच अपनी सुविधानुसार परीक्षा केंद्रों में आकर शिक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा केंद्रों के रूप में विकासखंड द्वारा चयनित ग्रामों में प्राथमिक अथवा पूर्व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित कर लिया गया था। केंद्र में परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में कर ली गई थी तथा परीक्षा केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता की ड्यूटी लगाई गई थी। सहयोग निरीक्षण व अवलोकन जिला एवं विकासखंड अधिकारियों के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा परीक्षा दिवस को मॉनीटरिंग हेतु दल बनाया गया जिसमें जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन, सहायक परि.समन्वयक समग्र शिक्षा, को विकासखंड में परीक्षा केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु दायित्व प्रदान किया गया। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक नोडल साक्षरता एवं संकुल समन्वयकों के द्वारा मॉनीटरिंग की गई। जिला परियाजेना अधिकारी साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह, सहा.परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आदर्श वासनिक, श्री पी.आर झाड़े, श्रीमती प्रणिता शर्मा, स्काउट गाइड प्रभारी श्रीमती नेहा साहू, ए.पी.सी. श्री एम.आर.अंसारी, मनोज मरकाम, टेल्मी जोली पीपीआईए नरेन्द्र साहू संपर्क जिला प्रभारी के द्वारा केन्द्रों की मॉनीटरिंग की गई। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक नोडल साक्षरता कार्यक्रम एवं संकुल समन्वयक ने परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग की।

# संडी क्षेत्र में सीमेंट परियोजना के विरोध में विधायक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान ब्लाक के सण्डी, पंडरिया, बुंदेली, विचारपुर, भरदागोड ब्लॉक क्षेत्र में प्रस्तावित चूना पत्थर खदान और श्री सीमेंट परियोजना के विरोध को लेकर खैरागढ़ विधायक यशोदा निलांबर वर्मा की अगुवाई में ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा अग्रसारित यह परियोजना पर्यावरण, जलस्त्रोत, कृषि, मानव स्वास्थ्य और स्थानीय जनजीवन पर गहरा दुष्प्रभाव डालेगी। विधायक यशोदा ने आरोप लगाया कि परियोजना पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 2006 के अंतर्गत श्रेणी-ए में आते हुए भी प्रस्तुत रिपोर्ट में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक मानकों का पालन नहीं किया गया है। खुली खदान से उत्पन्न होने वाले धूल, ध्वनि, जल एवं वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए कोई ठोस उपाय शामिल नहीं हैं। मिट्टी, वनस्पति और जैव-विविधता संबंधी अध्ययनों का डाटा भी रिपोर्ट में अनुपस्थित है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सण्डी, पंडरिया, बुंदेली, विचारपुर, भरदागोंड सहित 30 से अधिक गांवों का जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित होगा। क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल ने चिंता व्यक्त की है कि परियोजना के चलते जलस्त्रोत सूखने और भू-जल स्तर और गिरने की संभावना है। जिससे पेयजल और सिंचाई दोनों पर संकट बढ़ेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि परियोजना के बदले मात्र 138 रोजगार का दावा किया जा रहा है, जबकि इसके कारण हजारों किसानों की उपजाऊ भूमि अधिग्रहित होगी और लगभग 20,000 से अधिक लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। इसे जनहित के विपरीत बताते हुए ग्रामीणों ने परियोजना को पूरी तरह अस्वीकार किया। ज्ञापन में 11 दिसंबर को प्रस्तावित जनसुनवाई को भी अनुचित बताते हुए कहा गया कि पूर्व में हुई सुनवाई में ग्रामीणों की आपत्तियां अनसुनी कर दी गई थी। ग्रामीणों ने मांग की कि जनसुनवाई को तुरंत निरस्त कर परियोजना का नया और स्वतंत्र वैज्ञानिक मूल्यांकन कराया जाए।

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जनता की भावनाओं और जनहित को प्राथमिकता नहीं दी तो वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए बाध्य होंगे।

# पहला कॉलम...

## जन्मदिन पर श्रीराम मंदिर पदुमतरा में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने विधि-विधान से की पूजा अर्चना



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने अपने जन्मदिन के मौके पर सोमवार को श्री राम मंदिर पदुमतरा पहुंचे। इस विशेष दिन पर उन्होंने श्रीराम मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किये और भगवान श्रीराम की आरती उतारी। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के साथ उनके परिवार के साथ श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, जनपद प्रतिनिधि मोहन साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, जोरातरई सरपंच रमाकांत साहू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पुराणिक, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिन्हा, डोंगरगढ़ ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष टीकम सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, मन्थिर साहू, देवसरण वर्मा, नेमदास साहू, उग्रसेन साहू, मनराखन निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का किया गया स्वागत



डोंगरगढ़ (दावा)। सतनाम भवन राजनांदगांव में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण एवं शहर के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शामिल होकर नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव एवं जितेन्द्र मुदलियार को अपनी ओर से शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन हुआ। उनके पहुंचने पर विष्णु लोधी ने आत्मीय स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर विष्णु लोधी ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इसी एकता और समर्पण के बल पर कांग्रेस आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर जनहित के लिए कार्य करेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## मनरेगा में पारदर्शिता : डोंगरगांव में क्यूआर कोड प्रणाली शुरू



डोंगरगांव (दावा)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड डोंगरगांव में एक नई डिजिटल पहल की गई है। जिसमें विकासखंड के सभी 76 ग्राम पंचायतों में 6 दिसंबर को आयोजित रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। इस पहल के तहत अब कोई भी ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से पंचायत भवन या सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी तुरंत प्राप्त कर रहे हैं। इनमें पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्यों की सूची, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी शामिल है। साथ ही मांग एवं लेबर बजट के अनुसार आजीविका डबरी के कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने हेतु जानकारी दिया गया और संरक्षण से सबंधित के कार्यों को स्वीकृत कराए जाने हेतु जानकारी प्रदाय किया गया। विकासखंड के सभी पंचायतों में पंचायत भवन सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा कर किए गए हैं।

## ग्राम मोहबा में सीसी रोड निर्माण हेतु 2 लाख रुपए की प्रशासकीय

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहबा में वार्ड क्रमांक 11 शीतला मंदिर मार्ग में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक रायपुर में संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक 07 दिसंबर को रायपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में ऐतिहासिक, अभूतपूर्व और रिकॉर्ड-तोड़ उपस्थिति के साथ आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के 33 में से 30 जिला अध्यक्ष, सभी संभागीय पदाधिकारी, प्रांत स्तरीय पदाधिकारी, तथा 56 विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। आज का जनसमूह इतना विशाल था कि यह स्वयं घोषणा कर रहा था, संघ की शक्ति अब निर्णायक मोड़ पर है।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय में प्रांतस्तर पर चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी प्रांतीय चुनाव आयोजित किए जाएंगे। प्रचंड जनसमर्थन के साथ यह प्रस्ताव लिया गया कि राज्य-स्तरीय एकदिवसीय घेराव कार्यक्रम किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों की आवाज सीधे शासन के दरवाजे तक पहुंचे। दैनिक वेतनभोगियों की नियमितीकरण सहित अन्य मांगों पर चरणबद्ध निर्णायक आंदोलन बड़ा आंदोलन, बड़ा प्रदर्शन–हर स्तर पर निर्णायक लड़ाई की शुरुआत की गई।

## 75 वर्ष पूर्ण होने पर 'एकता अभियान-साथी सम्मान' का शुभारंभ

संघ के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर एकता अभियान ङ्क साथी सम्मान कार्यक्रम की शुरुआत आज की बैठक में धूमधाम से हुई।इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बिंदेश्वर राम रौतिया को प्रथम बैज लगाकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।इसके साथ ही सभी संभागीय, जिला, तहसील पदाधिकारी, तथा 56 विभागों के प्रतिनिधियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान समारोह आज की बैठक का सबसे ऊर्जावान, एकजुटता का प्रतीक और प्रेरणादायी क्षण बना।आज की प्रांतीय बैठक ने यह सिद्ध कर दिया कि जब संगठन एकजुट होता है, तो संघर्ष नहीं, क्रांति जन्म लेती है। 56,000 सदस्यता अभियान की लगभग पूर्णता ने संगठन की शक्ति को कई गुना बढ़ा दिया है। आज के आत्मविश्वास ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में संघ की आवाज और बुलंद, और निर्णायक और ऐतिहासिक होगी।इसी अवसर पर कुछ नियुक्तियां की गई जिला के पदाधिकारी को मनोनीत किया गया सुरेश ढीढी को संचालनालय कर्मचारी संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है रायपुर जिला से राकेश ठाकुर को युवा मोर्चा का रायपुर अध्यक्ष बनाया गया लोकेश वर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया। उक्त जानकारी योगेश चौरे ने दी।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सफल आयोजन



छुरिया(दावा)। ग्राम बेलरगोदी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का दो दिवसीय भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में ग्राम बेलरगोदी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों के प्रोत्साहन के लिए ग्रामीणों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। जिससे पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार बना रहा। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित अनेक खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अनुशासन, खेल भावना और कौशल का परिचय देते हुए सराहनीय प्रदर्शन किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपसरपंच नागेश्वर भारद्वाज ने सभी ग्रामवासियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा को निखारने में सहायक साबित होते हैं। उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति एवं विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता का समापन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# नगर में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन




डोंगरगांव (दावा)। नगर में पुराने अस्पताल परिसर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 8 दिसंबर सोमवार को आयोजित हुआ। संचालक आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्वास्थ्य मेला में जिले के अनुभवी आयुष चिकित्सकों द्वारा वातरोग, गठियावात, आमवात, संधिवात, कटिशूल, उदररोग, स्त्रीरोग, बालरोग, चर्मरोग, मधुमेह, बीपी श्वास, कास, अर्श (बवासीर), रोग एवं अन्य पुराने एवं जटिल रोगों की आयुर्वेद एवं होम्योपैथी, चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही उपलब्ध औषधि का वितरण किया गया। शिविर में विशेष रूप से संभावित मरीजों का नेत्र जांच, मोतियाबिंद जांच, शुगर जांच एवं बीपी जांच भी निःशुल्क किया गया। इस शिविर में लगभग 600 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि आयुर्वेद और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति हमारे देश की प्राचीन प्राकृतिक धरोहर व हमारे देश की पहचान है। आयुर्वेद हमारे दादी नानी के नुस्खे व घर की रसोई में विद्वान है। भले ही हम आज इसे छोडक़र एलोपैथिक की ओर भागते हैं, पर हर मर्ज का इलाज आज आयुर्वेद पद्धति में मौजूद है। आवश्यकता है आज उसे अपने और उसे पर विश्वास करने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर व ब्लाक के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि जीवनदीप समिति के सदस्य सहित पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम फुलझार में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## ग्राम में समिति का हुआ गठन, मिलेगा हिंदू एकता को बल



राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल लगातार हिंदुओं को संगठित कर ग्राम ग्राम में एकता को बल देने का कार्य कर रहा है जिसमे फुलझार खण्ड की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य रूप से विहिप के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, बजरंगदल विभाग सहसयोजक सुनील सेन, विहीप जिला मंत्री त्रिगुण सदानी की उपस्थित में ग्राम फुलझर समिति का गठन किया गया, जिसमें ग्राम फुलझर विश्व हिंदू परिषद के खंड अध्यक्ष ईश्वर यादव, खंड उपाध्यक्ष किशुन यादव, मंत्री भेवेंद्र साहू, सहमंत्री शिव भार्गव, डलेश्वर साहू, नियुक्त किए गए।

वहीं युवा शक्ति को जोड़ते हुए बजरंग दल में संयोजक राज यादव, सहसंयोजक दीपेश यादव, संजय यादव, दीपक यादव, गौरक्षा प्रमुख ओम प्रकाश यादव, सहगौरक्षा अर्पण यादव, विजय यादव, खंड अखाड़ा प्रमुख इलेन्द्र यादव, सहअखाड़ा प्रमुख पंकज देशमुख, राहुल यादव, साप्ताहिक मिलन प्रमुख मुक्कू यादव, सहसाप्ताहिक मिलन रोहन साहू, धीरज यादव, विद्यार्थी प्रमुख कमलकांत यादव, सहविद्यार्थी प्रमुख मुकेश देशमुख, परमानन्द, सुरक्षा प्रमुख न्यू बंजारे, सहसुरक्षा प्रमुख सागर साहू, किशोर यादव नियुक्त हुए। इस अवसर पर तिलक यादव, जितेस साहू, मिलूराम साहू, मुकेश देशमुख, भोला, सागर साहू, यश साहू, मनेंद्र कुमार, उमेश साहू, योगु मेहर, खुमान साहू, रुद्रप्रताप बंजारे एवं नवगठित पदाधिकारियों को ग्राम में संगठन का मुख्य उद्देश्य हर मोहल्ले और हर ग्राम में जा कर बजरंग दल से हर हिन्दू परिवार को जोड़ना ताकि, हिन्दू संगठित और सशक्त हो, गाँव-गाँव में हो रहे धर्मांतरण, गौ तस्करी और लव जिहाद से हर गांव को अवगत कराना ताकि, हिन्दुओं को संगठित और जागरूक किया जा सके। बैठक में संगठन के कार्य विस्तार, सामाजिक समरसता, गौ-संरक्षण, युवाओं में राष्ट्रभाव जागरण तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# मान-सम्मान की लड़ाई से जूझ रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता - महेंद्र कुमार अग्रवाल

डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व डोंगरगढ़ में भाजपा संगठन की बागडोर को सन् 1990 से आज पर्यंत मजबूती प्रदान करने वाले महेंद्र अग्रवाल अपने दायित्व और पार्टी के कार्यक्रमों से अलग होने की सूचना भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को दिनांक 28 नवंबर को दे दिया गया था किंतु जिला संगठन की ओर से आज पर्यंत किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया देखने सुनने को नहीं मिल रही है। जो कहीं न कहीं मान-सम्मान की लड़ाई लड़ रहे छोटे-बड़े हर भाजपा कार्यकर्ताओं की पीड़ा को ठेस पहुंचाने जैसा जान पड़ता है।

सोशल मीडिया में वायरल हुई पत्र से ज्ञात हुआ है कि, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र कुमार अग्रवाल ने गत 28 नवंबर को जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नाम भेजे गए पत्र में कहा है कि, मै विगत 38 वर्षों से भाजपा से जुड़ा रहा, 1990 के दशक में डोंगरगढ़ भाजपा के संस्थापक प्रदीप बाघ द्वारा मुझे युवा मोर्चा डोंगरगढ़ का प्रथम अध्यक्ष बनाया गया और लगभग सभी लोकसभा, विधानसभा एवं स्थानीय निकायों के चुनाव में मीडिया, चुनाव कार्यालय प्रभारी सहित विभिन्न दायित्व को निभाते हुऐ समर्पण भाव से कार्य किया, इस बात को राजनांदगांव के आदरणीय वरिष्ठगण जानते होगें।



## जिले व तहसील स्तर पर भाजपा वृद्धाश्रम बनवाने की मांग, जहां कार्यकर्ता अपनी भावनाओं का आदान-प्रदान कर सके

### मान-सम्मान की लड़ाई लड़ रहे भाजपा कार्यकर्ता - महेंद्र अग्रवाल

जिला सहित प्रदेश संगठन को भेजे गए पत्र के अध्ययन करने पर ऐसा लगता है कि, भाजपा नेता महेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा अपनी व्यक्तिगत पीड़ा से जिला व प्रदेश संगठन सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं को अवगत कराने का प्रयास किया गया है। किंतु जिन हालातों से भाजपा नेता महेंद्र अग्रवाल गुजरे हैं, वही हालात डोंगरगढ़ शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के भाजपा के कनिष्ठ व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भी है। पत्र में श्री अग्रवाल ने आगे कहा है कि, जब वर्तमान जिला कार्यकारिणी देखा तो मुझे ऐसा लगा कि पार्टी ने मुझे आईना दिखाने का कार्य किया है। जबकि पूर्व की जिला कार्यकारिणी में मेरा नाम रहा है और स्वाभाविक है बिना रोये तो मां भी अपने बच्चों को दूध नहीं पिलाती, लेकिन आज जिला भाजपा ने मुझे आईना दिखा ही दिया तो मुझे लगा कि अब पार्टी में अपना सक्रिय समय पूरा हुआ। वैसे भी पार्टी 60 वर्ष के बाद कार्यकर्ताओं को अशक्तमान लिया है, मै बड़े नेताओं की बात नहीं कर रहा हूं। मैं अपने जैसे छोटे कार्यकर्ता के मन की बात कर रहा हूं। जो मुझे अपने भाजपा परिवार में अपनी बात रखने का हक दिलाता है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि वैसे तो मै बहुत कुछ लिख सकता हूं लेकिन मै ऐसे देश भक्त पार्टी से जुड़ा हूं जहां आज भी मान मर्यादा है। इसलिए मैं सिर्फ अपने आप को पार्टी की गतिविधियों से अलग रखना चाहता हूं। क्योंकि पार्टी ने 60 वर्ष का जो मापदण्ड तय किया। यह निश्चित पार्टी की दुरगामी सोच है, यह पार्टी को बहुआयामी और सार्थक परिणाम देगी। पत्र के माध्यम से वरिष्ठ भाजपा नेताओं से एक निवेदन किया है कि, हो सके तो एक भाजपा वृद्धाश्रम हर जिला और तहसील स्तर पर बनाये, जिससे आने वाले समय में पार्टी के उम्रदराज कार्यकर्ता उसमें अपना-अपना समय पुराने यादों के सहारे गुजार सकें।

## अनुशासन, मेहनत और समर्पण जीवन में सफलता की कुंजी है - भोलाराम साहू



छुरिया (दावा)। विकासखंड छुरिया अंतर्गत ग्राम किडकाडी (पंडरापानी) में 8 दिसंबर को संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन उत्साह, उमंग और खेल भावना के माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन से पूरे आयोजन में ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। विधायक साहू ने खेल मैदान का निरीक्षण कर प्रतियोगिता का अवलोकन किया तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों ही विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। अनुशासन, मेहनत और समर्पण जीवन में सफलता की कुंजी हैं। विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने आयोजन समिति, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों द्वारा किए गए सामूहिक सहयोग की सराहना की।

## पहला कॉलम...

### सोने, चांदी के भाव में फिर हलचल

नई दिल्ली। वायदा बाजार में सोने की कीमत में सोमवार को तेजी देखी गई, जबकि चांदी की कीमत में गिरावट का रुझान देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर सोने के दाम में सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर फरवरी डिलीवरी अनुबंध के लिए बीते सत्र के मुकाबले 0.11 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह 1,30,599 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चला गया। इसी समय, फरवरी डिलीवरी के लिए चांदी की कीमत में बीत सत्र के मुकाबले 0.79 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 1,81,960 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोने की कीमत सोमवार को 4,200 डॉलर प्रति औंस के ऊपर पहुंच गई, पिछले हफ्ते की गिरावट के बाद तेजी देखने को मिली। निवेशक इस समय फेडरल रिजर्व की साल की आखिरी नीति बैठक का इंतजार कर रहे हैं, जहां अधिकांश विशेषज्ञों का अनुमान है कि ब्याज दर में कटौती की घोषणा हो सकती है। मिश्रित अमेरिकी रोजगार डेटा और कोर मुद्रास्फीति अपेक्षाओं के अनुरूप रहने से अतिरिक्त दर में ढील की संभावना मजबूत हुई है। वर्तमान बाजार प्राइसिंग के अनुसार, 3.75त्न से 4.0त्न फंड्स रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की 88त्न संभावना मानी जा रही है, और अगले साल इसके अलावा दो और कटौती की उम्मीद जताई जा रही है

### शेयर बाजार, सेंसेक्स 130 अंक फिसला, निफ्टी में भी आई गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को गिरावट देखी जा रही है। सुबह 9 बजकर 28 मिनट के करीब बीएसई सेंसेक्स 131.53 अंक की गिरावट के साथ घरेलू शेयर बाजार 85,580.84 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी इसी समय 42.45 अंक की गिरावट के साथ 26,144 के स्तर पर ट्रेड करता दिखा। शुरुआती कारोबार में निफ्टी में हिंडाल्को, टेक महिंद्रा, टीसीएस, टाटा स्टील और मैक्स हेल्थकेयर बड़े गेनर के तौर पर दिखे, जबकि बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सिप्ला, ह्ल्रुक्वक्ष्ट और मारुति सुजुकी में गिरावट

सेक्टोरल लेवल पर देखें तो आईटी सेक्टर को छोड़कर, बाकी सभी प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में ट्रेड कर रहे हैं। सबसे ज्यादा गिरावट रियल्टी इंडेक्स में दिख रहा है, जो लगभग 0.5त्न नीचे है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी हल्की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो बाजार की व्यापक कमजोरी को दर्शाता है। दुनिया भर में, निवेशक इस हफ्ते के आखिर में फेड के पॉलिसी फैसले से पहले सावधान हैं, क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के सेंट्रल बैंक से रेट में कटौती की उम्मीद है।

### मैट हेनरी, नाथन स्मिथ, मिचेल सेंटनर और टॉम ब्लंडेल दूसरे टेस्ट से बाहर

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। अब इसके बाद दूसरा टेस्ट 10 दिसंबर से शुरू होगा। इससे पहले ही न्यूजीलैंड की टीम को तगड़ा झटका लगा है, जब उसके चार प्लेयर्स चोटिल होने की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इनमें तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने वाले मैट हेनरी, नाथन स्मिथ, मिचेल सेंटनर और टॉम ब्लंडेल शामिल हैं।

विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल को पहले बल्लेबाजी करते हुए हैमस्ट्रिंग की इंजरी हो गई। इसी वजह से वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। उकी जगह स्क्वाड में मिचेल हे को स्क्वाड में शामिल किया है और उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। तेज गेंदबाज माइकल रे और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क भी न्यूजीलैंड की स्क्वाड में जोड़ा गया। क्लार्क 24 साल के हैं और घरेलू क्रिकेट में अच्छे खेल की वजह से पहली बार उन्हें न्यूजीलैंड की टेस्ट स्क्वाड में शामिल किया गया है। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में वह रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर कीवी टीम का हिस्सा थे। अब वह टेस्ट स्क्वाड में नाथन स्मिथ के बाहर होने के बाद आए हैं।

### जापान के उत्तरी तट पर 7.6 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

टोक्यो। जापान के उत्तरी तट के पास सोमवार को जोरदार भूकंप आया है। जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.6 मापी गई, जिसका केंद्र आओमोरी और होक्काइडो के तटीय क्षेत्र के निकट था। शक्तिशाली भूकंप के चलते इलाके के तटीय इलाकों में 40 सेंटीमीटर तक की सुनामी आई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र मुख्य होंशू द्वीप के उत्तरी छोर पर स्थित आओमोरी प्रान्त के पूर्व में और होक्काइडो द्वीप के दक्षिण में था। सूनामी की 40 सेंटीमीटर ऊंची लहरें होक्काइडो प्रांत के उरकावा कस्बे और आओमोरी प्रांत के मुत्सु ओगावारा बंदरगाह पर पहुंचीं। स्थानीय न्यूज एजेंसी एनएचके के अनुसार, आओमोरी के एक कस्बे के एक होटल में कई लोग घायल हुए हैं। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समय के हिसाब से रात 11.15 बजे आया। इस भूकंप का केंद्र देश के उत्तरी तट से करीब 44 मील दूर और करीब 33 मील की गहराई पर आया था।

# आज से टी20 इंटरनेशनल सीरीज का मुकाबला

नई दिल्ली। टेस्ट और वनडे के बाद अब भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलने जा रही हैं। जहां एक ओर टेस्ट सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने कब्जा किया था, वहीं वनडे सीरीज भारतीय टीम ने अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। अब देखना होगा कि टी20 सीरीज में कौन सी टीम आगे निकलती है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जानी है। इसका पहला मुकाबला 9 दिसंबर यानी मंगलवार को होगा। ये मैच कटक में खेला जाएगा। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव संभालते हुए नजर आएंगे, वहीं शुभमन गिल को उपकप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है। सीरीज अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिहाज से काफी अहम है। इससे दोनों टीमें अपनी अपनी तैयारियों का जायजा ले पाएंगी।



अब बात करते हैं मैच के शुरू होने की। पहला टी20 इंटरनेशनल मैच कटक में होगा और इसके शुरू होने का वक्त शाम सात बजे का है। यानी पहली बॉल ठीक सात बजे डाल दी जाएगी। इससे आधे घंटे पहले यानी साढ़े छह बजे टॉस होगा। रात करीब 11 बजे के करीब मैच खत्म भी हो जाएगा। इसलिए बहुत ज्यादा देर तक जाने की भी जरूरत नहीं होगी। अच्छी बात ये है कि सभी मैच एक ही वक्त पर होंगे, इसलिए आपका टाइम टेबल भी ज्यादा बदला नहीं जाएगा। टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम- एडन मार्कराम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, मार्को जेनसन, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्खिया।

**भारत बनाम साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज का पूरा शेड्यूल**

पहला टी20 मैच : 9 दिसंबर : कटक
दूसरा टी20 मैच : 11 दिसंबर : चंडीगढ़
तीसरा टी20 मैच : 14 दिसंबर : धर्मशाला
चौथा टी20 मैच : 17 दिसंबर : लखनऊ
पांचवां टी20 मैच : 19 दिसंबर : अहमदाबाद

## वेंकटेश प्रसाद कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएसन के नए चीफ

नई दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएसन के नए चीफ चुने गए हैं। उन्होंने अनुभवी खेल प्रशासक केएन शांत कुमार को 749-558 से हराया और कुल 191 वोट से जीत हासिल कर ली। इन चुनावों में कुल 1307 सदस्यों ने मतदान किया। अब प्रसाद के सामने राज्य में क्रिकेट को वापस लाने की चुनौती होगी, जो चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के बाद हाशिए पर चला गया था। भगदड़ में कुल 11 क्रिकेट फैंस की मौत हो गई थी।

वेंकटेश प्रसाद और द प्रिंटर्स (मैसूर) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शांत कुमार दोनों ने राज्य में क्रिकेट को दोबारा टॉप लेवल पर ले जाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का संकल्प लिया था। यह उनके संबंधित पैनल का प्रमुख चुनावी मुद्दा था। अब आखिरकार प्रसाद ने जीत हासिल कर ली और उनके अगुवाई वाले पैनल को अनिल कुंबले और जवागल श्रीनाथ जैसे पूर्व भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन प्राप्त था।

पूर्व बल्लेबाज सुजीत सोमसुंदर ने उपाध्यक्ष पद के चुनाव में डी.विनोद शिवप्पा को 719-588 से हराया। सोमसुंदर ने हाल ही में ्यस्ष्ट्र चुनाव लड़ने के लिए बीसीसीआई च्सेंटर ऑफ एक्सीलेंसज् के शिक्षा प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। एमएस विनय को 736-571 से हराकर बीएन मधुकर के नए कोषाध्यक्ष बने हैं। अनुभवी प्रशासक संतोष मेनन ने ईएस जयराम को 675-632 से हराकर नए सचिव के रूप में ्यस्ष्ट्र में वापसी की।

## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया को मिली हार, अब कांस्य पदक मुकाबले में होगा अर्जेंटीना से

नई दिल्ली। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबले तक सफर काफी शानदार देखने को मिला था, लेकिन अहम मैच में टीम इंडिया दबाव में पूरी तरह से बिखरते हुए नजर आई जिसमें उन्हें जर्मनी के खिलाफ मैच में एकतरफा हार का सामना करना पड़ा है।

भारतीय हॉकी टीम सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ बिल्कुल भी अपने फॉर्म में नहीं दिखाई दी और उन्हें 5-1 से एकतरफा हार मिली। अब टीम इंडिया 10 दिसंबर को जब टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा उस दिन कांस्य पदक मुकाबले के लिए अर्जेंटीना की टीम का सामना करने उतरेगी।



जर्मनी की टीम का टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में भारत के खिलाफ पूरी तरह से दबदबा देखने को मिला, जिसमें उन्होंने पहले हाफ का खेल खत्म होने पर तीन गोल कर दिए थे। इसकी सबसे बड़ी वजह टीम इंडिया का डिफेंस में काफी खराब प्रदर्शन करना था।

जर्मनी के लिए लुकास कोसेल ने 14वें और 30वें मिनट में जहां दो गोल किए तो वहीं वेक्स टाइटस 15वें, जोनास वोन गरसम ने 40वें और बेन हासबाश ने 49वें मिनट में एक-एक गोल किया। इस मुकाबले में भारत की तरफ से सिर्फ गोल अनमोल इक्का ने खेल के 51वें मिनट में किया। ये जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का ये 14वां संस्करण है, जिसमें से जर्मनी की टीम 10वीं बार फाइनल मैच में पहुंचने में कामयाब हो सकी है। वहीं उन्होंने इस खिताब को अब तक 7वीं बार अपने नाम भी किया है और अब उनके पास 8वीं बार ट्रॉफी जीतने का मौका है।

भारतीय टीम जिन्होंने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के खिताब को अब तक 2 बार अपने नाम किया है, वहीं उनके पास इस बार फाइनल मुकाबले से बाहर होने के बाद कांस्य पदक जीतने का मौका बरकरार है। इस मैच में टीम इंडिया का सामना अर्जेंटीना से होगा जिनको टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में स्पेन की टीम के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल मैच 10 दिसंबर को स्पेन और जर्मनी की टीम के बीच में चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेला जाएगा।

## कोच को निशाना मत बनाओ, गौतम गंभीर के सपोर्ट में उतरे रवि शास्त्री

नई दिल्ली। गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी. इस जीत ने साउथ अफ्रीकी टीम के हाथों टेस्ट सीरीज में मिली 0-2 की हार की कसक कम जरूर की, लेकिन गंभीर की कोचिंग स्टाइल पर अब भी सवाल खड़े हो रहे हैं.



अब टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने टेस्ट सीरीज में मिली हार को लेकर गौतम गंभीर पर बड़ा बयान दिया है. शास्त्री ने साफ कहा कि टीम की हार के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना गलत है. भारतीय टीम लगभग एक साल में दो बार अपने घर पर टेस्ट सीरीज हार चुकी है. इससे पहले पिछले साल न्यूजीलैंड ने टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का 3-0 से सूपड़ा साफ किया था.

एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए शास्त्री ने कहा कि टीम के हारने पर हमेशा कोच को ही निशाना बनाया जाता है. उन्होंने कहा कि अगर वे खुद कोच होते, तो हार की जिम्मेदारी लेते. व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में गौतम गंभीर के अंडर भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है. लेकिन टेस्ट क्रिकेट में गंभीर अभी तक टीम को स्थिरता नहीं दिला पाए हैं. उनके कोचिंग कार्यकाल में भारतीय टीम ने 2 टेस्ट सीरीज जीती हैं, 3 हारी है और 1 ड्रॉ रही है.

रवि शास्त्री ने कहा, %लोगों को एक बात याद रखनी चाहिए कि खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए. ऐसा नहीं होना चाहिए कि आप किसी एक व्यक्ति को टारगेट करें. मेरे साथ ऐसा हो चुका है, इसलिए मैं अपना अनुभव बता रहा हूं. जब ऐसा कुछ हो, तो खिलाड़ी भी अपनी गलती स्वीकार करें. खिलाड़ियों में यह भावना होनी चाहिए कि हमने हार झेली है और इससे हम बेहतर बनेंगे. जब ??तक ऐसा नहीं होगा, चीजें आगे नहीं बढ़ेंगी. रवि शास्त्री ने हालांकि गौतम गंभीर को वॉर्निंग भी दी. शास्त्री का मानना है कि नतीजे टीम के फेवर में नहीं रहने पर कोच की छुट्टी भी हो सकती है. उन्होंने कहा, अगर प्रदर्शन खराब रहा तो आपको हटाया भी जा सकता है. इसलिए धैर्य जरूरी है.

## अमित बघेल को राहत नहीं, कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल, कई राज्यों में एफआरआई दर्ज

रायपुर। जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने 6 दिसंबर को देवेंद्रनगर थाने में सरेंडर करने जा रहे थे। तब थाने से करीब 20 मीटर पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। इस बीच खबर आ रही है कि जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। उन्हें 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अमित बघेल पर उनके विवादित बयानों को लेकर 5 राज्यों में 12 FIR दर्ज हैं। सुप्रीम कोर्ट पहले ही उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर चुका है और साफ कह चुका है कि उन्हें हर राज्य की अलग-अलग कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा। आज रिमांड खत्म होने पर अमित बघेल को फिर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। बता दें कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने को लेकर 27 अक्टूबर को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने अग्रसेन महाराज, सिंधी समाज के ईष्ट देवता झूलेलाल पर टिप्पणी की थी। इसका विरोध करते हुए समाज के लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ रायपुर समेत कई जिलों और दूसरे राज्यों में एफआरआई दर्ज कराई थी।



**यह है पूरा मामला**

26 अक्टूबर 2025 को रायपुर के वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति से तोड़फोड़ की गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही अगले दिन अमित बघेल मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। इस दौरान बघेल समर्थक और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी हुई। हंगामे के बाद छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति दोबारा स्थापित की गई। पुलिस ने अगले दिन सुबह राम मंदिर के पास से आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी मानसिक रूप से बीमार था और उसने नशे में मूर्ति तोड़ी थी। प्रदर्शन के दौरान अमित बघेल ने अग्रवाल समाज और सिंधी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद देशभर में अग्रवाल समाज और सिंधी समाज भड़क उठा था। रायपुर, रायगढ़ और सरगुजा समेत कई जिलों और राज्यों में समाज के लोगों ने विरोध जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू....**

आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदे मातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे।

प्रियंका गांधी ने कहा कि पंडित नेहरू ने 12 साल जेल में रहने के बाद देश का 17 साल तक नेतृत्व किया था। उन्होंने भाजपा पर नेहरू को बार-बार निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सरकार को नेहरू पर चर्चा करनी है तो स्पीकर की अनुमति लेकर लंबी बहस करा ले। लेकिन उन मुद्दों पर बात भी जरूरी है, जिनके लिए जनता प्रतिनिधियों को संसद भेजती है। उन्होंने सवाल उठाया कि बेरोजगारी, गरीबी और प्रदूषण जैसे असली मुद्दों पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है। प्रियंका ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्तूबर को चिठ्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्तूबर की चिठ्ठी में लिखा- मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्तूबर कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्तूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे।

**वंदे मातरम् का पूरा गीत कभी नहीं लिया....**

पर जाने से पहले मीडिया वालों से बात कर रही थीं। वंदे मातरम् गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखी थी और जादुनाथ भट्टाचार्य ने इसके ट्यून को कंपोज किया था। हालांकि, इस दौरान ममता बनर्जी बीजेपी के कुछ नेताओं पर आरोप लगाया कि वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी और राजा राम मोहन रॉय जैसे राष्ट्र के सपूतों को पसंद नहीं करते। उन्होंने ऐसे कथित नेताओं को लेकर यह सवाल किया कि बिना देश के इतिहास को समझे, ये देश की सेवा कैसे कर सकते हैं। ममता ने कहा, बीजेपी के कुछ नेता कह रहे हैं कि वे नेताजी को पसंद नहीं करते। आप नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, बंकिम चंद्र, विद्यासागर या राजा राम मोहन रॉय को पसंद नहीं करते और लगातार आप उनका अपमान करते हैं। वे बंगाल के इतिहास और योगदान को अच्छी तरह से जाने बिना कैसे राजनीति में घुस आए हैं?

**वंदे मातरम् सिर्फ गाने के लिए नहीं......**

करने के लिए है। जिन्होंने कभी आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया, वे वंदे मातरम का महत्व कैसे समझेंगे? वे राष्ट्रवादी नहीं बल्कि राष्ट्रवादी लोग हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कहा कि देश के महापुरुषों का सपना था स्वतंत्र भारत, देश की आज की पीढ़ी का सपना है समृद्ध भारत। आज़ाद भारत के सपने को सींचा था वंदे मातरम् की भावना ने, समृद्ध भारत के सपने को सीचेंगा वंदे मातरम् की भावना। हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है, 2047 तक विकसित भारत बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कहा, भारत पर जब-जब संकट आए देश वंदे मातरम् की भावना के साथ आगे बढ़ता रहा... आज भी 15 अगस्त, 26 जनवरी की बात आती है, हर घर तिरंगे की बात आते है तो चारों तरफ यही भाव दिखता है... जब देश की आजादी को कुचलने की कोशिश हुई, संविधान की पीठ पर छूरा घोंप दिया गया, आपातकाल थोपा गया तो यही वंदे मातरम् की ताकत थी कि देश खड़ा हुआ। देश पर जब भी युद्ध थोपे गए, संघर्ष की नौबत आई यही वंदे मातरम् का भाव था कि देश का जवान सीमाओं पर अड़ गया और मां भारती का झंडा फहराता रहा, विजय प्राप्त करता रहा।

**वंदे मातरम स्वंय में पूर्ण, अपूर्ण बनाने.....**

भारत का पहला झंडा डिजाइन किया गया था और उस झंडे के बीच में वंदे मातरम लिखा हुआ था, जिसे पहली बार बंगाल में फहराया गया था। अगस्त 1906 में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए वंदे मातरम नाम का एक अखबार भी लॉन्च किया गया था। यह वह समय था जब वंदे मातरम सिर्फ एक शब्द नहीं था, यह एक भावना थी, प्रेरणा का स्रोत था, और एक कविता थी। राजनाथ सिंह ने कहा, वंदे मातरम सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं था; इसका इस्तेमाल पूरब से पश्चिम तक होता था और सिर्फ भारत में ही नहीं, भारत के बाहर भी लोग इसे गाते थे। राजनाथ सिंह ने बंगाल की संस्कृति का जिक्र करते हुए वंदे मातरम की पंक्तियों की व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चटोपाध्याय की इस रचना में कहीं भी मूर्ति पूजा पर जोर नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को तुष्टीकरण के लिए इस्तेमाल किया गया। राजनाथ सिंह ने वर्तमान सरकार के नारे- सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास का जिक्र करते हुए कहा, हमने इसी भावना से काम किया है। हालांकि, आजादी के आंदोलन के दौरान कांग्रेस के कुछ तथाकथित सेक्युलर लोगों की बेचैनी इतनी बढ़ गई थी कि उन्होंने भारतीय संस्कृति, परंपरा और महान सभ्यता से जुड़ी बातें उन्हें सांप्रदायिक दिखती थीं। वंदे मातरम भी इसी का शिकार बन गया।

**रायगढ़ में जेपीएल कोल-खदान का विरोध.....**

मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कोल परियोजनाओं से विस्थापन, प्रदूषण और रोजगार असुरक्षा बढ़ेगी। सरगुजा जिले के अमेरा ओपनकास्ट कोल माइंस के विरोध में भी स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे। यहां विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया और ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव व गुलेल से हमला किया। हमले में एएसपी थाना प्रभारी सहित लगभग 25 पुलिसकर्मी घायल हो गए। जवाब में पुलिसकर्मियों ने भी ग्रामीणों की ओर पत्थर फेंके, जिसके बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया। लगातार हो रहे प्रदर्शनों के चलते तीनों जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रशासन जनसुनवाई और खदान विकास को लेकर ग्रामीणों को समझाने की कोशिश कर रहा है, वहीं ग्रामीण अपने रुख पर अडिग हैं। सरगुजा जिले में कोल माइंस का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई है। अमेरा ओपनकास्ट कोल माइंस के विस्तार का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस की टीम पर पथराव किया है। वहीं, पुलिस ने स्थिति को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। इस झड़प में करीब 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। जबकि कई ग्रामीण घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, पथराव में एएसपी, थाना प्रभारी सहित करीब 25 पुलिसकर्मी को चोट आई है। थाना प्रभारी को गंभीर चोट आई है जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है। मामला लखनपुर थाना क्षेत्र का है। एसईसीएल के अमेरा कोल खदान के विस्तार के लिए परसो?ी गांव की जमीनें वर्ष 2001 में अधिग्रहित की गई हैं। ग्रामीण इस खदान के विस्तार का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण कोल माइंस के लिए अपनी जमीन देने को तैयार नहीं है। बुधवार को प्रशासनिक अधिकारी करीब 500 की संख्या में पुलिसबल के साथ ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचे थे। पुलिस टीम को देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पुलिस की टीम पर हमला कर दिया।

**इंडिगो संकट पर सरकार सख्त: इंडिगो संकट.....**

ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में इंडिगो और एयर इंडिया के डुओपॉली मार्केट पर सवाल उठाए। विपक्ष का आरोप है कि दो बड़ी एयरलाइंस के पास अधिकांश बाजार नियंत्रण होने से ऐसी स्थितियाँ और बिगड़ सकती हैं। इस पर सरकार का जवाब था कि वह लगातार नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती रही है और भारत में पांच बड़ी एयरलाइंस संचालित होने की क्षमता है।

**जमीन दरों में सरकार का बड़ा फैसला.....**

एरिया के आधार पर किया जाएगा। यह प्रावधान मध्यप्रदेश शासन के समय से लागू था, जिसे बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नए प्रावधान से वर्टिकल डेवलपमेंट को गति मिलेगी और शहरी भूमि का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा। केंद्रीय बोर्ड ने बहुमंजिला भवनों एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए मूल्यांकन में छूट के नए प्रावधान भी लागू किए हैं। अब बेसमेंट और प्रथम तल पर 10 प्रतिशत तथा द्वितीय तल एवं उससे ऊपर के तल पर 20 प्रतिशत की कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को किफायती दरों पर फ्लैट और व्यावसायिक स्थान मिलने में मदद मिलेगी।

कमर्शियल कॉम्प्लेक्सों में 20 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित संपत्तियों के लिए 25 प्रतिशत कमी के साथ भूखंड की दरों का मूल्यांकन किया जाएगा। 20 मीटर की दूरी का आकलन मुख्य मार्ग की ओर से निर्मित हिस्से से किया जाएगा, जिससे वास्तविक स्थिति के आधार पर अधिक न्यायसंगत मूल्यांकन संभव होगा। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने जिला मूल्यांकन समितियों को यह भी निर्देशित किया है कि हाल ही में दरों में वृद्धि के बाद प्राप्त आपत्तियों, ज्ञापनों और सुझावों का परीक्षण कर 31 दिसंबर तक गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण के प्रस्ताव भेजें।

इन प्रस्तावों का विश्लेषण कर बोर्ड आगामी गाइडलाइन दरों पर अंतिम निर्णय लेगा। इन सभी निर्णयों को तत्काल प्रभाव से लागू घोषित किया गया है, जिससे राज्य में रियल एस्टेट सेक्टर में स्थिरता, पारदर्शिता और किफायती आवास उपलब्ध कराने के प्रयासों को नई दिशा मिलेगी।

**चैतन्य बघेल की जमानत याचिका....**

कंपनियों का उपयोग एक योजना तैयार करने के लिए किया, जिसके अनुसार उन्होंने त्रिलोक सिंह ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने 'विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट' में फ्लैटों की खरीद की आड़ में अप्रत्यक्ष रूप से 5 करोड़ रुपये प्राप्त किए। बैंकिंग ट्रेल है जो इंगित करता है कि लेन-देन की प्रासंगिक अवधि के दौरान त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने अपने बैंक खातों में शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त किया। ईडी ने शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर, आईटीएस अरुण पति त्रिपाठी और पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक कवासी लखमा को भी गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है।

**नवजोत कौर सिद्धू कांग्रेस पार्टी से.....**

हमेशा पंजाब और पंजाबियत की बात करते हैं, लेकिन हमारे पास मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए 500 करोड़ रुपये देने को नहीं हैं। किसी की ओर से पैसों की मांग किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा था कि किसी ने नहीं मांगे हैं, लेकिन जो 500 करोड़ रुपये का सूटकेस देता है, वही मुख्यमंत्री बन जाता है। बीजेपी और आम आदमी पार्टी ने उनके बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि इससे कांग्रेस की कार्यप्रणाली का घिनौना सच सामने आ गया है।

# अन्नूटोला का बिजली कांड मनीराम की कार्यशैली पर फूटा जन-आक्रोश, विभागीय तंत्र पर उठे बड़े सवाल

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के सुदूर अन्नूटोला में बिजली विभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक 273 (04 सितंबर 2025) ने पूरे इलाके को सुलगते मुद्दे में बदल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस नोटिस की भाषा, तौर-तरीका और तर्क सब कुछ यह साबित करता है कि यह आदेश नहीं, बल्कि धौंस-धमकी का हथियार है। एक महिला उपभोक्ता पर 1,63,320 रुपये का बोझ ऐसे थोपा गया जैसे विभाग किसी अदृश्य कानून से संचालित हो रहा हो न अवधि, न उपभोग, न निरीक्षण डाटा, न तकनीकी गणना। सिर्फ रकम और धमकाने जैसा निर्देश।

### 8 महीने की जांच अंतराल से 12 महीने की खपत तर्क नहीं, तांडव!

ग्रामीणों का कहना है कि पहली जांच 21 जनवरी 2025 को हुई थी और दूसरी जांच के बीच आठ महीनों का अंतर है। फिर भी 12 महीने का बिल थमाकर विभाग ने न सिर्फ गणना की परिभाषा बदली, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों का मखौल भी उड़ाया।

सवाल सीधा है-''जब निरीक्षण दो बार हुआ, वह भी आठ महीने बाद, तो शेष चार महीने किस ग्रह पर मापे गए?'' सूख चुके तालाब से उपभोग निकालना तकनीकी नहीं, तिरस्कारपूर्ण हरकत जिस अवधि का बिल तैयार किया गया है, उस समय गांव के तालाब में न पानी था, न मछली। ऐसे में मत्स्य-उपकरणों के उपयोग का दावा ग्रामीणों के अनुसार फर्जी कहानी जैसा लगता है। आरोप यह भी है कि जिन उपकरणों को चोरी का साधन बताया गया, वे ऑक्सीजन मशीनें हैं और बिना पानी के तालाब में इन्हें चलाना वैसा ही है जैसे सूखी नदी में नाव चलने का दावा करना।

ग्रामीणों ने कटाक्ष करते हुए कहा-''जिस तालाब में कीचर तक नहीं था, वहां बिजली खपत निकालना विभाग की कल्पनाशक्ति का चमत्कार है।'' मनीराम तराम का नाम फिर सुर्खियों में—काम कम, विवाद ज्यादा? अन्नूटोला घटना ने स्थानीय कर्मचारी मनीराम तराम की कार्यशैली पर फिर से उंगली उठाई है। ग्रामीणों के मुताबिक, यह पहली बार नहीं है जब नियमों को कलम की नोक पर कुचला गया हो। कई मौकों पर नोटिस ऐसे जारी हुए मानो विभागीय प्रक्रिया कोई बंधन ही न हो।




आरोपों में यह भी शामिल है कि-जांच रिपोर्टें कई बार गायब, उपभोक्ताओं को सुनवाई नहीं, बिना डेटा के भारी-भरकम आदेश, और शिकायतों पर महीनों तक कोई प्रतिक्रिया नहीं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस तरह की कार्यशैली आज नहीं, बल्कि पिछले कई मामलों में भी सामने आ चुकी है। वरिष्ठ अधिकारी एस.के. बंड की भूमिका पर भी उठे प्रश्नचिन्ह यह मामला अब सिर्फ एक कर्मचारी तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि संभागीय अधिकारी एस.के. बंड की निगरानी व्यवस्था भी उतनी ही कमजोर है।

झयदि उच्च स्तर पर नियंत्रण सख्त रहता, तो ऐसे आदेश जन्म ही नहीं लेते। एक सामाजिक नेता ने तंज कसा-''जब ऊपर की चौखट ढीली हो जाए, तो नीचे की इमारतें खुद-ब-खुद टेढ़ी होने लगती हैं।'' आचार संहिता की धज्जियां उड़ीं उपभोक्ता अधिकारों पर हमला? ऊर्जा विभाग की आचार संहिता के अनुसार भारी बिल तभी बन सकता है जब जांच रिपोर्ट, फोटोग्राफी और उपभोग आकलन एक साथ दर्ज हों, चोरी के आरोप के लिए उपकरणों की वास्तविक उपयोग अवधि सिद्ध करनी अनिवार्य है, उपभोक्ता को कारण बताओ नोटिस देना विभाग का दायित्व है, और किसी भी दंडात्मक आदेश में अवधि का स्पष्ट उल्लेख मूलभूत शर्त है। अन्नूटोला घटना में इन सभी प्रावधानों की जमीन हिलती दिखाई देती है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां कानून नहीं, मनमानी लागू की गई है। जनता की मांग संपूर्ण पुनः जांच और जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई ग्रामीणों ने संगठित होकर मांग उठाई है कि:

1. स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए।
2. विवादित राशि की वसूली तत्काल रोकी जाए।
3. नोटिस से जुड़े पूरे दस्तावेज सार्वजनिक हों।
4. यदि आरोप सही पाए जाएं, तो जिम्मेदारी तय कर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

अन्नूटोला सिर्फ एक केस नहीं, यह सिस्टम का आईना है-यह प्रकरण उपभोक्ता अधिकारों पर हुआ सीधा प्रहार माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है-''अगर व्यवस्था ऐसी ही चलेगी, तो बिजली चोरी से पहले विभागीय प्रक्रिया की चोरी रोकनी पड़ेगी।'' अन्नूटोला की गूंज अब पूरे जिले में है; और सवाल यह है कि क्या विभाग इसे सुनने का साहस दिखाएगा या यह आवाज आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन बनेगी।

# ग्राम भोलापुर में 27 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन




छुरिया (दावा)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भोलापुर विकासखंड छुरिया जिला राजनांदगांव में 27 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। और इस अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम ''मोर मयारू संगी'' ग्राम टेडेसरा जिला राजनांदगांव वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी मंडाई मेला मे मांस, मदिरा, अंडा चिला पूर्णताः प्रतिबंध रहेगा। मंडाई आयोजन समिति के प्रमुख ग्राम पटेल मोहितराम सिन्हा, सरपंच श्रीमती चमेली बाई ठाकुर, अध्यक्ष पूर्णानंद साहू - ग्राम विकास समिति भोलापुर, उपाध्यक्ष शिशुपाल साहू-ग्राम विकास समिति भोलापुर, सचिव मुकेश साहू-ग्राम विकास समिति भोलापुर, कोषाध्यक्ष हिमाचल चतुर्वेदी-ग्राम विकास समिति भोलापुर नरेंद्र कुमार साहू सहसचिव ने मंडई मेला में अधिक से अधिक संख्या में दुकानदारों व ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर अस्पताल में फल वितरण कर मरीजों के स्वास्थ्य की कामना की गई



डोंगरगढ़ (दावा)। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव बाबा साहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को बौद्ध समाज के द्वारा सामुदायिक अस्पताल में पहुंचकर मरीजों को फलों का वितरण कर उनके स्वस्थ की कामना की गई।

बौद्ध समाज के उपासक उपासकाएं एव जनप्रतिनिधि सहित अस्पताल में एकत्रित होकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल का वितरण किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना एव अस्पताल के सुविधा के विस्तार पर अस्पताल के बीएमओ सुचिता श्रीवास्तव से चर्चा की गई। बौद्ध समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव बाबा साहब आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर फल वितरण कार्यक्रम किया गया है। साथ ही मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई।

डॉ. आंबेडकर मानव जाति के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए डॉ. आंबेडकर द्वारा समाज से भेदभाव मिटाकर सभी को समानता का अधिकार दिया है। इस अवसर पर भंते कुमार कश्यप भंते सारिपुत्र, बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा डॉ , सम्राट जैन डॉ, राजेश राउतकर माया भास्कर सिद्धार्थ नागदेवे निर्भय चौखांदें अनिता लोकेश इंदुरकर दीपक साखरे प्रजेश सहारे रतनदीप नंदेश्वर गुड्डा सरजारे स्पंदन चौधरी रेखा सहारे किरण मेश्राम प्रभा चंद्रिकापूरे धीरज धमगाय रिम्मी रोमी टेंभुरकर सहित अन्य मौजूद रहे।

# सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जिले के सिवनी स्थित आनंद विहार कॉलोनी में हुए बड़े चोरी कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चांपा पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक खरीदार सोनार भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों को कोरबा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पकड़ा है। चोरी के जेवरों को आरोपी सोनार ने गलाकर रखा हुआ था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटना 8 नवंबर की है, जब पीड़ित धनीराम देवांगन अपने परिवार के साथ चांपा में भतीजे के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात करीब 10.30 बजे जब वे घर लौटे, तो मकान का ताला टूटा हुआ था और घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे।

# जी.ई. फाउंडेशन की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अभिलाषा के बच्चों का वर्चस्व बरकरार



राजनांदगांव (दावा)। भिलाई दुर्ग स्थित जी ई फाउंडेशन सामाजिक संगठन द्वारा विगत एक दसक से प्रदेश के विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए खेल कूद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है, इसी कड़ी में इस वर्ष यह आयोजन 7 दिसंबर 2025 को दिव्यांग मैदान सिविक सेंटर भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें इस संस्था के ग्यारह दृष्टि बाधित अस्थि बाधित और बौद्धिक मंदता वाले बालक बालिकाएं संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व शिक्षक श्रीमती मालती श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह यादव के कुशल नेतृत्व में शामिल हुए, जिसमें 100 मीटर दौड़ बालक संवर्ग में प्रताप सिंह ने प्रथम एवं वामन पाण्डे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालिका संवर्ग में कुमारी जयंतिका वर्मा द्वितीय स्थान प्राप्त किया, दृष्टि बाधित संवर्ग 50 मीटर दौड़ में जीवन दास साहू ने प्रथम, कुलेंद्र साहू ने द्वितीय, एवं खेमंत कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जी ई फाउंडेशन के इस गरिमामई आयोजन में प्रदेश के पांच सौ से अधिक दिव्यांग बच्चों ने भाग ले कर अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजन में दिव्यांग बच्चों की हौसला ऑब्जाई करने क्षेत्रीय विधायक रीकेश सेन वैशाली नगर, छत्तीसगढ़ स्पेशल ओलम्पिक के प्रमुख डॉ. प्रमोद तिवारी, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, दिव्यांगजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित आयोजन समिति केसंयोजक प्रदीप पिल्लई सहित अध्यक्ष सदस्य व पदाधिकारी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे, बच्चों को कार्यक्रम स्थल तक लाने ले जाने की निःशुल्क व्यवस्था संस्था के कोषाध्यक्ष और नीरज बाजपाई इंटर नेशनल स्कूल के संचालक श्री नीरज बाजपाई सर द्वारा किया गया था, दिव्यांग बच्चों की हौसला और आत्मबल को बढ़ावा देने इस तरह के श्रेष्ठ आयोजन करने जी ई फाउंडेशन के साथियों के प्रति अभिलाषा संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोहून, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव, महेश खंडेलवाल, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, अमृता खंडेलवाल, द्वारा शुभकामनाएं दी गई। युक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# ग्राम सेतवा में वार्षिक उत्सव और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

गंडई पंडरिया (दावा)। तहसील के वनांचल क्षेत्र ग्राम सेतवा की प्राथमिक शाला परिसर में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं बाल मेला का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इसी अवसर पर ग्राम में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार थे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा महामंत्री लीला राम साहू, मंडल महामंत्री राजेलाल पटेल, दुल्लापुर सरपंच बलराम पटेल, खौड़ा सरपंच जनेराम पटेल और लिमो सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष सुखदेव पटेल मुख्य रूप से शामिल हुए।

घोषणाओं से गांव में खुशी-मुख्य अतिथि खम्हन ताम्रकार ने ग्राम सेतवा तथा दुल्लापुर के लिए 3-3 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए सड़क, सामुदायिक भवन और शिक्षा सुविधाएं प्राथमिकता पर हैं। भूमिपूजन के दौरान स्कूली बच्चों ने पारंपरिक तरीके से फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया। बाल मेला बना आकर्षण का केंद्र-विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेला पूरे आयोजन की विशेष आकर्षण रहा। बच्चों द्वारा लगाई गई भजिया, समोसा, गुपचुप, और मिठाई की दुकानें भीड़ से भरी रहीं। मुख्य अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने भी दुकानों से खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी रंग-वार्षिक उत्सव के सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा-ददरिया और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। मुख्य अतिथि ताम्रकार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व विकास का आधार हैं।



ग्राम में उमड़ा उत्सव का रंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुति,बाल मेला का भी हुआ आयोजन

जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति-इस अवसर पर लखन यादव, बरतनीन धुर्वे, देवकुमार, रामायण मनोहर, फागुराम, सुखिया राम, मनीराम, अशोक धुर्वे, विष्णु साहू, दरोगा पटेल, योगेंद्र कश्यप (सीएसी ढाबा) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की।

शिक्षकों की सक्रिय भूमिका-आयोजन में विद्यालय स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रधान पाठक तोकराम सिन्हा, योगेंद्र कश्यप संकुल साम्वयक ढाबा, मनोहर लाल मोटवानी, योगेंद्र कोसारिया, टार्जन नेताम, रत्ना हारमें, बिना धुर्वे,प्रदीप चौधरी, नंदू राम खुशरो, हेमराय भारती, खेललाल जंघेल, कमलराय प्रसाद, जितेंद्र जायसवाल सहित शिक्षकों ने तैयारी एवं संचालन में सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन भी प्रधान पाठक तोकराम सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# सामाजिक भवन निर्माण से सभी वर्गो को मिलेगा इसका लाभ - संजय सिन्हा



कुहीकला में सिन्हा सामाजिक भवन भूमिपूजन संपन्न

छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया के महाराष्ट सीमा से लगे वनांचल के ग्राम कुहीकला में सिन्हा समाज भवन हेतु भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यरूप से संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती बीरम मंडावी सभापति जिला पंचायत,खिलेश्वर साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा गैंदाटोला,डोमेन पटेल,रामकुमार मंडावी, नैनसिंह पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों और सामाजिक बंधुओं ने अतिथियों का जोशीला स्वागत किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने अपने संक्षिप्त उदबोधन मे खा कि सामुदायिक भवन किसी समाज, गांव या शहर की महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा है। यह स्थान सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग किया जाता है। यहाँ शादी-ब्याह, बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर जैसी गतिविधियाँ आसानी से आयोजित हो जाती हैं। इससे लोगों को महंगे निजी हॉल की जरूरत नहीं पड़ती। सामुदायिक भवन ग्रामीणों के बीच आपसी सहयोग और एकता बढ़ाने का केंद्र बनता है। पंचायत की बैठकों और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भी यह बहुत उपयोगी है। आपदा की स्थिति में यह सुरक्षित आश्रय का काम करता है। साथ ही इसे किराये पर देने से पंचायत को आय भी प्राप्त होती है। इस प्रकार सामुदायिक भवन समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उक्त कार्यक्रम को श्रीमती बीरम बाई मंडावी, खिलेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर टीकम साहू, सुनील मंडावी सरपंच, स्वाति मंडावी सरपंच टीपनगढ़, राजाराम साहू, दुल्लू साहू, चमार राय साहू, टीकम सिन्हा, सोना कौशिक सहित समाजिकबंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हरिराम सिन्हा सचिव ने किया।

# बुजुर्ग किसान रघुनाथ सिंह ने कहा धान विक्रय से अब बेटे की शादी होगी आसान



किसान ने सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था की सराहना की

मोहला (दावा)। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी का महाअभियान 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। जिले के उपार्जन केंद्रों पर किसानों में धान विक्रय को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को देश का सर्वाधिक 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य प्रदान करने तथा पारदर्शी खरीदी व्यवस्था लागू किए जाने की किसानों द्वारा सराहना की जा रही है। विकासखंड मोहला के ग्राम सांगली निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग किसान रघुनाथ सिंह ने बताया कि, उन्होंने बेटे की मदद से मोबाइल पर ऑनलाइन टोकन कटवाकर 60 क्विंटल धान विक्रय की तिथि दर्ज करवाई। यह प्रक्रिया उनके लिए काफी सुविधाजनक साबित हुई। धान की तौल पूरी होने के बाद उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे बेटे की शादी और घर की मरम्मत में करेंगे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा बेटा अब दांपत्य जीवन में प्रवेश करेगा। इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। रघुनाथ सिंह ने ऑनलाइन टोकन व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए उन्होंने पहले ही ऑनलाईन टोकन प्राप्त कर लिया था। डिजिटल सुविधा ने उन्हें लाइन में लगने की परेशानी से मुक्ति दिलाई और समय की बचत भी हुई। निर्धारित समय पर पहुंचते ही उनकी तौल और खरीदी प्रक्रिया सहजता से पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की उपार्जन व्यवस्था सुव्यवस्थित, पारदर्शी और पूरी तरह किसान हितैषी है। धान बेचने के बाद उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के लिए प्रतिबद्ध सरकार के कारण आज हमें समय और श्रम की बचत के साथ धान का सही मूल्य मिल रहा है। यह किसानों के हित में उठाया गया बड़ा कदम है।

# प्रांताध्यक्ष ने कराया नवनिर्वाचित जिला टीम का शपथ ग्रहण

राजनांदगांव (दावा)। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के नवनियुक्त इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अपर कलेक्टर सी.एल. मारकंडेय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को संविधान दिवस एवं बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन के संयुक्त आयोजन पर जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन रखा गया।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य तथा संपूर्ण जिला इकाई को अजाक्स के प्रांताध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती ने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य ने अपनी जिला इकाई के साथ संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। शपथ कर्ता पदाधिकारियों में सी एल चंद्रवंशी, राजकुमार नागदेवे जिला संरक्षक, मेघनाथ भूआर्य जिला अध्यक्ष, खेमलाल देशलहरे जिला कोषाध्यक्ष, विरेन्द्र कुमार रंगारी जिला सचिव, श्रीमती कुमुदिनी वैद्य, ठाकुरराम चंद्रवंशी, भूषण कुमार भूआर्य और अमिताभ दुफारे जिला उपाध्यक्ष, प्रशांत सुखदेवे जिला सह सचिव, शीतल कुमार टंडन जिला मीडिया प्रभारी, श्रीमती अनिता अमेला जिला संगठन मंत्री, रितेश रंगारी, एवं जिनेन्द्र मार्कण्डेय, कपूरचंद डोंगरे, महादेव वाल्दे, रेवाराम चंद्रवंशी, राजेश नागदेवे, ईश्वर चंद्रवंशी, प्रहलाद ठाकुर, देवसिंग अमेला, रघुलाल कंवर, श्रीमती रेणु जामगढ़े, श्रीमती पुष्पा दामले आदि कार्यकारिणी सदस्य है।



अजाक्स के जिलाध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य ने ली संविधान की शपथ

प्रांताध्यक्ष लक्ष्मण भारती जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं आदिवासी समाज के अधिकारी कर्मचारी अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष रत है। शासन प्रशासन के सभी कार्यों को ये अधिकारी कर्मचारी मुस्तैदी से संपन्न कराते हैं, किंतु उनकी एक जायज मांग और संविधान सम्मत मांग पदोन्नति में आरक्षण की अब तक अधूरी है। इसके लिए आपने संघर्ष का आव्हान किया, साथ ही साथ एस टी और एस सी संवर्ग के अधिकारी और कर्मचारियों को एकजुट होकर अजॉक्स संगठन को सशक्तता प्रदान करने पर विशेष जोर दिया। सभा को सी एल मार्कंडेय अपर कलेक्टर ने संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति एवं आदिवासी अधिकारी कर्मचारियों की एकजुटता की प्रसंशा की। आपने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों ने समाज के हित के लिए बढ़-चढ़कर काम करना चाहिए। इस अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि टीकम सिंह ठाकुर डिप्टी डायरेक्टर कृषि विभाग तथा विशेष अतिथि अंकित चौहान डिप्टी कलेक्टर उपस्थित हुए। सभा को विशेष अतिथि जयेंद्र पटले लोक अभियोजन अधिकारी, मुख्य वक्ता प्रशांत सुखदेवे तथा पूर्व अध्यक्षद्वय सिद्धार्थ चौरे एवं सी एल चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। इस शपथ ग्रहण समारोह का समापन अजाक्स जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा ''एस टी, एस सी एक समान, जय संविधान, जय संविधान'', के नारे के उदघोष के साथ आभार प्रदर्शन किया गया। सभा का संचालन टी आर चंद्रवंशी और प्रशांत सुखदेवे ने किया। इस संबंध में यह जानकारी अजाक्स जिला इकाई राजनांदगांव के नवनिर्वाचित जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा साझा की गई है।

# नक्सल उन्मूलन की दिशा में सफलता : 12 माओवादियों का आत्मसमर्पण

## सीएम विष्णुदेव साय ने ली पत्रकार वार्ता, बताया- 'पूना मारगेम पुनर्वास' नीति से नक्सलवाद समाप्ति की ओर




राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विश्राम गृह राजनांदगांव में पूना मारगेम-पुनर्वास से पुनर्जीवन अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के थाना बकरकट्टा अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्ही में सीपीआई (मोओवादी) संगठन के 12 सक्रिय कैडरों द्वारा 10 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी के मुख्यधारा में शामिल होने के संबंध में पत्रकार वार्ता ली। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजनांदगांव रेंज में नक्सल उन्मूलन की दिशा में यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि दशकों से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रसित रहा है और इस कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास बाधित रहा है। नक्सलवाद के खिलाफ पहले भी लड़ाई लड़ी जा चुकी है। सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने वाले है। छत्तीसगढ़ में वीरता एवं साहस के साथ जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। डबल इंजन की सरकार होने का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों से 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जवानों के साहस से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सफलताएं मिल रही है और नक्सलवाद समाप्त हो रहा है। नक्सलवादियों का पुनर्वास किया जा रहा है। एमएमसी जोन अंतर्गत सक्रिय प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के सीसीएम सदस्य रामधेर उर्फ होरूपु उर्फ अमरजीत उर्फ देउ मज्जी सहित 12 शस्त्रधारी माओवादी हथियार सहित आज पुनर्वास हेतु समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। जिनमें रामधेर उर्फ होरूपु उर्फ अमरजीत उर्फ देउ मज्जी उम्र 53 साल सीसीएम एमएमसी जोन गढ़चिरौली महाराष्ट्र ईनाम में 1 करोड़ 5 लाख रूपए (एमएमसी जोन), चंदू उर्फ नरेश उर्फ चौतराम उर्फ देवचंद उम्र 55 साल डीवीसीएम टाण्डा-मलाजखण्ड एरिया कमेटी सचिव व एलओएस कमांडर ईनाम 33 लाख रूपए, अनीता उर्फ ललीता उर्फ जैनी उम्र 35 साल ग्राम मड़ीन्दापल्ली तहसील बामरगढ़ गढ़चिरौली महाराष्ट्र डीवीसीएम टाण्डा-मलाजखण्ड एरिया कमेटी ईनाम 33 लाख रूपए, प्रेम उर्फ उमराव उम्र 32 साल ग्राम डबरी तहसील कोरची थाना बेड़गांव गढ़चिरौली महाराष्ट्र डीवीसीएम टाण्डा-मलाजखण्ड एरिया कमेटी ईनाम 33 लाख रूपए, जानकी उर्फ प्रेमा उर्फ लिमी उम्र 35 साल ग्राम मड़ीन्दापल्ली तहसील बामरगढ़ डीवीसीएम टाण्डा-मलाजखण्ड एरिया कमेटी ईनाम 33 लाख रूपए, रामसिंग उर्फ सम्पत उर्फ संजय उम्र 55 साल ग्राम राशिमेटा तहसील बैहर थाना रूपझर बालाघाट मध्यप्रदेश एसीएम 14 लाख रूपए, सुकेश उर्फ रंगा उम्र 28 साल ग्राम पुसनार थाना गंगालूर बीजापुर छत्तीसगढ़ एसीएम 14 लाख रूपए, शीला उर्फ वैसंती उर्फ सेवंती उम्र 29 साल ग्राम दोरनागुडा तहसील अट्टापल्ली थाना कसनसूर गढ़चिरौली महाराष्ट्र पीएम ईनाम 6 लाख रूपए, लक्ष्मी उर्फ मनिता उम्र 21 साल ग्राम पुस्कर तहसील भैरमगढ़ थाना गंगालूर पीएम ईनाम 6 लाख रूपए, योगिता उर्फ लक्ष्क्षी उम्र 22 साल ग्राम बड़े बट्टू थाना बासेगुढ़ा बीजापुर छत्तीसगढ़ पीएम ईनाम 6 लाख रूपए, सागर उर्फ रैनू उम्र 22 साल ग्राम बोगदेव तहसील ओरछा थाना कुकराझोर नारायणपुर छत्तीसगढ़ पीएम 6 लाख रूपए, कविता उर्फ मासे उम्र 21 साल ग्राम कोन्डेसवेल थाना जगरगुण्डा सुकमा छत्तीसगढ़ पीएम ईनाम 6 लाख रूपए के इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और मुख्यधारा से जुड़े रहे है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवादी प्रदेश में नक्सली हिंसा छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे है तथा आत्मसमर्पण कर रहे है। प्रदेश में नक्सलवादियों के पुनर्वास की नीति बहुत अच्छी है। इसका परिणाम यह है कि 2 वर्षों में 4000 से ज्यादा नक्सली गिरफ्तार हुए है और आत्मसमर्पण किया है। नई पुनर्वास नीति अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए है। ऐसे ग्राम जहां नक्सलवादियों ने समर्पण किया है। वहां 1 करोड़ रूपए की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प खोले गए है। सुरक्षा बलों के निरंतर अभियान, ग्रामीण अंचलों में चलाए जा रहे विकास कार्यों, सड़क और परिवहन सुविधाओं के विस्तार, पानी-बिजली-नेटवर्क की उपलब्धता तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों में बढ़ते विश्वास और सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनसंपर्क व संवाद कार्यक्रमों का यह प्रत्यक्ष परिणाम है। इन प्रयासों से प्रेरित होकर नक्सलियों ने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता चुना है और 12 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। यह कदम इस क्षेत्र में शांति स्थापना और नक्सल उन्मूलन अभियान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवाद समाप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इन क्षेत्रों में विकास पहुंचाना है। गोली, बारूद छोड़कर नक्सलवादी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे है। आत्मसमर्पित नक्सलियों का संविधान पर विश्वास बढ़ रहा है। युवा नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं। बस्तर ओलंपिक, पंडुम जैसी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष तौर पर ध्यान देते हुए लघु वनोपज का वैल्यू एडिशन, पर्यटन, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं आजीविका मूलक कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति, विकास कार्यों और सामुदायिक पुलिसिंग के परिणामस्वरूप नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग त्यागते हुए समाज में सम्मानपूर्वक जीवनयापन करने की मंशा से आत्मसमर्पण किया है। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, एमडी ठाकुर, नीलकंठ गढ़े, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, उप महानिरीक्षक (नक्सल आपरेशन) आईटीबीपी अनवर ईलाही, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी सुश्री अंकिता शर्मा, खैरागढ़ एसपी लक्ष्य शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नवनियुक्त शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने ग्रहण किया पदभार




राजनांदगांव(दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर क्रमशः जितेंद्र मुदलियार और विपिन यादव की नियुक्ति की गई। दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों का पदभार ग्रहण समारोह 07 दिसंबर, रविवार को सतनाम भवन, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिले के विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता तथा भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, दोनों जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप, पूर्णतः लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त अध्यक्ष हर एक कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा आज इनका पदभार ग्रहण है, 2028 में कांग्रेस सरकार का शपथ ग्रहण हम सभी मिलकर करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि, संगठन सृजन के माध्यम से हुई यह नियुक्ति पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया रही। उन्होंने कहा हमारा पहला उद्देश्य जमीन से जुड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाना है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का हमारा संकल्प अटूट है। किसान ही नहीं हर वर्ग

**० संगठन सृजन से नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, जनविरोधी नीतियों पर बैज का हमला, अब संघर्ष निर्णायक होगा**
**० सरकार की शोषक नीतियों के खिलाफ ईंट से ईंट भिड़ा देंगे - दीपक बैज**

का व्यक्ति शासन की नीतियों से परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि खरीद केंद्रों में टोकन मिलने की समस्या है, जहां टोकन मिल रहा है वहां किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। रबि फसल के लिए सरकार बीज तक नहीं उपलब्ध करवा पा रही है। बिजली बिल की हाफ योजना बंदकर हितग्राहियों की छूट पर डकैती डाली दी गई। जमीन की दरों में बेतहाशा बढ़त से निम्न वर्ग, मध्यम वर्ग प्रभावित हो रहा है। जमीन खरीद पाना लोगों के लिए सपना हो गया। ऐसे ढेरों मामले हैं जिनमें डबल इंजन की सरकार फेल है। हमें इस सरकार के खिलाफ ऐसा आंदोलन खड़ा करेंगे जो ईंट से ईंट भिड़ा देगा। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इसी जोश के साथ सरकार से लोहा लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और जनता के शोषण के खिलाफ हम पूरी ताकत से संघर्ष करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई एवं पंकज बांधव ने किया। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, मेहुल मारु, डॉ. आफताब आलम, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, राजनांदगांव जिला प्रभारी बृजेश शर्मा, श्रीकिशन, रमेश राठौर, जिला महामंत्री महेंद्र यादव, चुम्मन साहू, राहुल तिवारी, मनोज सिन्हा, रामादेवी वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष रतन यादव, रितेश जैन, विजय राज सिंह, ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली व सूर्यकांत जैन, रोहित चंद्राकर, रुबी गरचा, दौलत चंदेल, प्रेम रुपचंदानी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, विवेक वासनिक, शारदा तिवारी, रौशनी सिन्हा, आशा अग्रवाल, सरिता गजभिए, अशोक पंजवानी, राकेश जोशी, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव चेतन भानुशाली, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन विधायक युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनी माखीजा, डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, राकेश चंद्राकर, विनय झा, समीश मसीह, अमीन हुड्डा शरद पटेल, राजिक सोलंकी, अभिमन्यु मिश्रा, रीना पटेल, खैरुनिशा, गोपीचंद गायकवाड़, गामेंद्र नेताम, ताराचंद साहू, विरेंद्र चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, दीपक साहू,परस साहू, शैलेष साहू, ललित कुमरे, महेश यादव, युवराज भारती, महेश यादव, लोकू यादव, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जमीन की बढ़ी गाईड लाईन के विरोध में सातवें दिन उग्र प्रदर्शन, विशाल बाइक रैली के बाद कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। जमीन की बढ़ी गाईड लाईन दरों को वापस लेने की मांग को लेकर शहर में विरोध का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले एक सप्ताह से जयस्तंभ चौक पर चल रहे धरना-प्रदर्शन में आज एक बार फिर बड़ी संख्या में लोग जुटे। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ी गाईड लाईन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार से दरें वापस लेने की मांग दोहराई।

इधर विरोध को गति देते हुए आज तहसील कार्यालय से विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली इमाम चौक, गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार मार्ग से गंज चौक पहुंचकर समाप्त हुई। पूरे रास्ते प्रदर्शनकारी अपने बैनर-पोस्टरों और नारों के साथ गाईड लाईन वृद्धि पर कड़ा एतराज जताते रहे। रैली के समापन के बाद प्रतिनिधिमंडल कलेक्टोरेट पहुंचा। जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गाइडलाइन वृद्धि वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन को मिला ठाकुर छेदीलाल एवार्ड, अधिवक्ता परिषद ने किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के वरिष्ठ एवं सम्मानित अधिवक्ता के.सी. जैन को 25वें राज्य उत्सव के अवसर पर उपराष्ट्रपति पी.सी. राधाकृष्ण के कर कमलों से प्रतिष्ठित ठाकुर छेदी लाल एवार्ड से सम्मानित किया गया था। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई ने हर्ष व्यक्त करते हुए आज उनका सम्मान समारोह आयोजित किया। परिषद की जिला इकाई द्वारा के.सी. जैन को मोमेंटो, बुके और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा सहित सभी उपस्थित अधिवक्ताओं को श्री जैन का आशीर्वचन और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस सम्मान समारोह में अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारी और सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें विष्णु प्रसाद साव, टेक्स बार से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश सांखला, राकेश ठाकुर, डी.सी. जैन, भगवान झा, राकेश दुबे, गजेन्द्र बक्शी, रमेश गुप्ता, प्रिया कांकरिया, अरूण गुप्ता, आदित्य स्वरूप गुप्ता, और धमेंद्र जैन शामिल थे। स्थानीय व्यापारिक संस्था कैट के अध्यक्ष राजेश डागा ने भी समारोह में सहभागिता निभाई। यह जानकारी अधिवक्ता मयंक शर्मा ने दी।

# सोमनी पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और उन्हें न्यायालयीन आदेश से जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। इस संबंध में सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षिका सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में सोमनी थाना क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने हेतु सतत् अभियान चलाया जा रहा है और उनके स्वयं के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों के खिलाफ धर पकड़ कार्रवाई की जा रही है।

### थाने में रिपोर्ट करने से आक्रोशित हुए आरोपी

उन्होंने बताया कि ग्राम देवादा में पुलिस में रिपोर्ट करने की बात से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नियत से प्रार्थी से वाद विवाद कर रहे रवि गोसाई पिता राजमल गोसाई उम्र 24 वर्ष, राज वैष्णव पिता गुरूवन दास उम्र 22 वर्ष, रवि कुकरेजा पिता स्व. लीलाधर कुकरेजा उम्र 40 वर्ष, प्रकाशमणी पिता गुरू दयाल उम्र 41 वर्ष, टिमन उर्फ ऋषि नेताम पिता लोकेश प्रसाद उम्र 23 वर्ष सभी निवासी ग्राम मुड़ीपार थाना सोमनी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफतार किया गया और उनके खिलाफ प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 126,135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया। जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# गंज चौक में विवाद, दोपहिया वाहन जलाने का प्रयास



राजनांदगांव (दावा)। देर शाम शहर के गंज चौक स्थित हाट बाजार क्षेत्र में एक गंभीर विवाद सामने आया। जिसने इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा कर दी। इस दौरान उपद्रवियों ने एक दोपहिया वाहन (स्कूटी) को आग लगाने की कोशिश की। जिसमें वाहन का पिछला हिस्सा बुरी तरह जल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। प्रारंभिक तस्वीरों में स्कूटी का जला हुआ हिस्सा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जो वाहन को क्षति पहुंचाने के प्रयास की पुष्टि करता है।

### चाकूबाजी की अपुष्ट खबर

स्थानीय सूत्रों और लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना की खबर भी सामने आ रही है। हालांकि पुलिस अधिकारियों द्वारा इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों और इसमें शामिल व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की वास्तविक स्थिति और घटना के पीछे के कारणों का खुलासा गहन जांच के बाद ही हो सकेगा।




# सोमनी पुलिस की कार्रवाई : अवैध शराब बेच रहे आरोपी को दबोचा



**2760 की शराब और 700 नगद जब्त, आबकारी एक्ट के तहत भेजा जेल**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार सोमनी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि उनके नेतृत्व में ग्राम जोरातराई में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी टिकू निषाद पिता सुखदेव निषाद उम्र 36 साल निवासी जोरातराई को गिरफ्तार किया गया।

### जब्त सामग्री का विवरण

पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 5.4 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की है। जिसमें 21 पौवा शोले देशी प्लेन और 9 पौवा जम्मु स्पेशल अंग्रेजी शराब शामिल है। जिसकी कुल कीमत 2760 रूपए आंकी गई है। साथ ही बिक्री की रकम 700 रूपए भी जब्त की गई है। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने पर मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से लगातार जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री नामदेव के साथ प्र.आर. 693 भूपेन्द्र कौचे, आरक्षक तुषार मरकाम, विनोद महिलांगे और मनोज हरमुख का सराहनीय योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com